**सुविचार**
जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।

Daily
सच के हक में...
# THE PHOTON NEWS
Published from Ranchi

Ranchi ● Thursday, 15 June 2023 ● Year : 01 ● Issue : 149 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com


08
हॉलीवुड एक्टर विन डीजल को आई दीपिका की याद

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 63,228.51 |
| निफ्टी | : | 18,755.90 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,640 |
| चांदी | : | 78.05 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### झारखंड हाई कोर्ट में पेश हुए IAS के श्रीनिवासन

**RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश शंकर की अदालत में बुधवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के सचिव के श्रीनिवासन अदालत के समक्ष सशरीर हाजिर हुए। यह मामला एक युवक का कास्ट सर्टिफिकेट जारी किए जाने से जुड़ा हुआ है। पिछली सुनवाई में अदालत ने विभाग को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था, लेकिन अब तक जवाब दाखिल नहीं किया गया। कोर्ट के समक्ष सचिव के श्रीनिवासन ने बताया कि अदालत का आदेश वह स्पष्ट रूप से समझ नहीं पाए, जिस पर अदालत ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर कानून की समझ नहीं है, तो लीगल एक्सपर्ट से सलाह लें। विनोद बड़ाइक ने याचिका दाखिल कर चीक बड़ाइक का कास्ट सर्टिफिकेट जारी करने का आदेश देने की गुहार लगाई है। अब कोर्ट अगले सप्ताह इस मामले की सुनवाई करेगा। अगली सुनवाई के दौरान भी सचिव के श्रीनिवासन को अदालत में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है।

### दिनेश गोप को एटीएस ने लिया दो दिन के रिमांड पर

**RANCHI :** पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को आंतकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस)ने बुधवार को दो दिनों के लिए रिमांड पर लिया है। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से एटीएस की टीम ने कड़ी सुरक्षा के बीच दिनेश गोप को लेकर रवाना हो गयी। एटीएस गोप को गुप्त स्थान पर रखकर पूछताछ कर रही है। दिनेश से ठेकेदार से लेवी की मांग करने के बारे में एटीएस पूछताछ कर रही है। पूछताछ में दिनेश गोप ने क्या जानकारी दी है। इस संबंध में एटीएस कुछ भी बोलने से इंकार कर रही है। उल्लेखनीय है कि पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप को एनआइए ने 21 मई को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। इसके बाद उसे ट्रांजिट रिमांड पर विमान से रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट लाया था। दिनेश गोप के खिलाफ झारखंड, बिहार और ओड़िसा में हत्या, अपहरण, धमकी, जबरन वसूली और पीएलएफआइ के लिए धन जुटाने से संबंधित 102 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# मणिपुर में हिंसा का नया दौर मैतेई बहुल कांगपोकी में हमला 9 लोगों की मौत, 10 घायल


मणिपुर में हिंसा के बाद सुरक्षाबल तैनात ● एजेंसी

**AGENCY IMPHAL :** मणिपुर के मैतेई बहुल कांगपोकी जिले में मंगलवार रात हुए हमले में 9 लोगों की जान चली गई। 10 लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि रात करीब एक बजे कांगपोकी से सटे खामेलोक गांव और इंफाल पूर्वी जिले में हमला किया गया। हमलावर अत्याधुनिक हथियारों से लैस थे। मारे गए सभी लोग खामेलोक गांव के हैं। इस घटना के अलावा मंगलवार को बिष्णुपुर जिले में भी मंगलवार को हिंसा हुई। यहां फौगाकचाओ इखाई गांव में कुकी समुदाय के लोग मैतेई इलाकों में बंकर बनाने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान कुकी लोगों और सुरक्षा बलों के बीच फायरिंग हुई। इधर, मणिपुर की महिला गन सर्वाइवर्स नेटवर्क की फाउंडर बिनालक्ष्मी नेपराम ने दावा किया कि कांगपोकी के खामेलोक में हुई गोलीबारी में 12 लोगों की मौत हुई है और 30 से ज्यादा लोग घायल हैं। सोमवार रात भी खामेलोक इलाके में गोलीबारी हुई थी, जिसमें 9 लोग घायल हुए थे।

### हिंसा में अब तक 100 से ज्यादा लोगों की मौत

मणिपुर में 3 मई के बाद से जारी हिंसा में अब तक 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। 320 घायल हैं और 47 हजार से ज्यादा लोग 272 राहत शिविरों में रहने को मजबूर हैं। वहीं, 10 जून को राज्य के 11 अफसरों का तबादला कर दिया गया। इनमें आईएएस और आईपीएस अफसर शामिल हैं। इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह इस महीने की शुरूआत में 4 दिन के दौरे पर यहां आए थे। इस दौरान राज्य के डीजीपी पी. डोंगल को हटा दिया गया था। उनकी जगह राजीव सिंह को कमान सौंपी गई है।

# रांची विश्वविद्यालय में छज्जा गिरा, रामगढ़ के छात्र की मौत

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची विश्वविद्यालय के सेंट्रल लाइब्रेरी की छत का हिस्सा टूटकर गिरने से एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी छात्र आनन-फानन में उसे लेकर रिम्स पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस हादसे में जिस छात्र की मौत हुई है उसका नाम मंतोष बेदिया है। मंतोष के पिता दिहाड़ी मजदूर है और उनका नाम सहेज नाथ बेदिया है। वह पतरातू के अमरादाग गांव के रहनेवाले हैं। हर दिन की तरह मंतोष बुधवार को सेंट्रल लाइब्रेरी पढ़ने आया। वह अपनी साइकिल खड़ी कर के थोड़ा आगे जैसे ही बढ़ा वैसे ही उपर से एक हिस्सा टूट के उसके सिर पर गिर गया। मंतोष लहूलुहान होकर वहीं पर गिर गया था।

**आक्रोशित छात्रों ने किया प्रदर्शन, रजिस्ट्रार को सड़क पर बैठा कर रखा :** घटना के बाद छात्र आक्रोशित हो गए। सड़क जाम कर जमकर नारेबाजी की। रजिस्ट्रार डॉ. एमसी मेहता सड़क पर बैठे छात्रों को समझाने पहुंचे। उनके साथ डीएसडब्ल्यू सुदेश साहु, सीसीडीसी डॉ. पीके झा, वीसी की ओएसडी डॉ. स्मृति सिंह मौजूद थीं। नाराज छात्रों ने रजिस्ट्रार की बात नहीं मानी और उन्हें लगभग दो घंटे तक सड़क पर अपने साथ बैठा कर रखा।

### 4 लाख मुआवजा का मिला आश्वासन

नाराज छात्रों ने मृतक के परिजनों को मुआवजा और नौकरी देने की मांग की। इसपर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि मैं मृत छात्र के परिजन को 400000 रुपए किस्तों में दूंगा, जो मेरे पावर में है। परिवार के किसी एक व्यक्ति को अनुबंध पर नौकरी दूंगा। अनुबंध में नौकरी देने के बाद कुलाधिपति और राज्य सरकार को इसे स्थायी नौकरी देने का अनुरोध करूंगा। परिजन रांची में चाहे तो रांची में नौकरी कर सकते हैं, अगर वह बीवीयू के अंदर आने वाले कॉलेजों में काम करना चाहते हैं तो मैं वहां काम दूंगा। वहीं कुलपति ने छात्रों की मांग पर सीसीडीसी डॉ. पीके झा और स्टेट ऑफिसर अर्जुन को बर्खास्त करने की बात कहीं।

# भारी उथल-पुथल की ओर झारखंड CONGRESS, हटाए जा सकते प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, अध्यक्ष की दौड़ में कालीचरण मुंडा सबसे आगे

## राजेश ठाकुर पर सस्पेंस, सहाय व रंजीता की वर्किंग कमेटी में इंट्री होने की उम्मीद

**EXCLUSIVE**

**FAHIM AKHTAR RANCHI :** झारखंड ने गठबंधन सरकार की अहम सहयोगी कांग्रेस में बड़े राजनीतिक उलटफेर की सूचना मिल रही है। पार्टी के विश्वस्त सूत्रों की माने तो मौजूदा समय में झारखंड कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडेय को हटाया जा सकता है। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए उन्हें महाराष्ट्र में अहम ज़िम्मेवारी मिल सकती है। इसके अलावा प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नाम पर भी सस्पेंस बना हुआ है। सूत्र यह भी दावा कर रहे हैं कि झारखंड से पार्टी की कमान कालीचरण मुंडा को मिल सकती है। वह रेस में सबसे आगे चल रहे हैं। झारखंड से सुबोधकांत सहाय व बिहार से रंजीता रंजन की कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्सी) में इंट्री होने की उम्मीद है। कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्यों की संख्या 25 से बढ़ा कर 35 करने की तैयारी की गयी है। वहीं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को सीडब्ल्यूसी के सदस्यों के चुनाव के बजाय नामित करने का अधिकार दिया गया है। वहीं, कांग्रेस वर्किंग कमेटी में एससी, एसटी, ओबीसी, आदिवासी, दलित, यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस के लिए 50% सीटें आरक्षित की गयी है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार इस बार कांग्रेस वर्किंग कमेटी से पार्टी के महासचिव सह झारखंड के प्रभारी अविनाश पांडेय, पंजाब के प्रभारी हरीश चौधरी, महाराष्ट्र के प्रभारी एचके पाटिल, बिहार के प्रभारी भक्त चरण दास व केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ओमान चांडी की कांग्रेस वर्किंग कमेटी से छुट्टी होने वाली है। उक्त सभी वरीय नेताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में उनके अपने-अपने राज्यों में महत्वपूर्ण ज़िम्मेवारी दी जायेगी। जबकि कई युवा चेहरे को कांग्रेस वर्किंग कमेटी में शामिल किया जाएगा। विश्वस्त सूत्र यह भी दावा कर रहे हैं कि केएच मुनियप्पा, दिनेश गुंडोराव व रघु शर्मा की भी कांग्रेस वर्किंग कमेटी से विदाई होगी। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए सोनिया गांधी, राहुल गांधी व प्रियंका गांधी कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्सी) में बने रहेंगे, साथ ही राहुल गांधी के साथ ही प्रियंका गांधी के ज़िम्मे प्रचार की कमान होंगी। जानकारों के अनुसार प्रियंका गांधी आगामी लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के रायबरेली सीट से चुनाव लड़ेंगी, हालाँकि इस सीट से फिलहाल सोनिया गांधी जीत कर सदन में हैं।


अविनाश पांडेय


राजेश ठाकुर


सुबोधकांत सहाय


कालीचरण मुंडा

### झारखंड: पांच दिनों के भीतर मानसून आने का पूवार्नुमान गरमी से राहत शुरू

**RANCHI :** राज्य के अलग-अलग हिस्सों में मौसम का मिजाज अलग-अलग है। जहां एक ओर राज्य के पश्चिमी जिलों मे लू चल रही है तो वहीं दूसरी ओर बीती रात बारिश से राजधानी रांची समेत आसपास के इलाके के लोगों को राहत मिली है। राजधानी रांची के साथ गुमला, सिमडेगा में भी बारिश हुई। लेकिन सुबह आठ बजते ही लोगों को फिर से गर्मी और उमस का एहसास हुआ। इधर, मौसम विभाग का कहना है कि राज्य में कुछ दिनों तक मौसम ऐसा ही रहेगा। जहां एक ओर लोगों को गर्मी का एहसास होगा। वहीं कुछ इलाकों में आंशिक बादल छाये रहेंगे। मौसम विज्ञान केंद्र रांची की मानें तो आने वाले पांच दिनों के दौरान अलग अलग इलाकों में अलग अलग मौसम का रूख होगा। जहां कुछ इलाकों में बादल छायें रहेंगे। तो कहीं, हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। वहीं, कुछ इलाकों में गर्म हवाओं का असर देखा जायेगा। राज्य के उत्तर पश्चिमी और मध्य भागों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। इसमें बोकारो, धनबाद, देवघर, जामताड़ा, गिरिडीह, दुमका, खूंटी, रांची समत अन्य जिलें शामिल है। विभाग की मानें तो 19 जून तक राज्य में मानसून आने की संभावना है। ऐसे में कुछ जिलों में अभी से बादल की स्थिति बन रही है। विभाग की मानें तो आने वाले पांच दिनों तक तापमान में बड़े बदलाव की संभावना है।

# बीरेंद्र राम की 39 करोड़ की संपत्ति को ED ने किया अटैच

## हाईकोर्ट को दी गई जानकारी, अगली सुनवाई 26 जुलाई को

**CRIME REPORTER RANCHI :** ग्रामीण कार्य विभाग, सरायकेला-खरसावां के तत्कालीन जूनियर इंजीनियर सुरेश प्रसाद के जमशेदपुर स्थित आवास से करीब ढाई करोड़ रुपए की बरामदगी एवं ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर बीरेन्द्र राम की संपत्ति की सीबीआई जांच कराने का आग्रह करने वाली पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में ईडी की ओर से शपथ पत्र दाखिल किया गया। ईडी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि बीरेन्द्र राम की 39 करोड़ 28 लाख 82 हजार 578 रुपए की संपत्ति ईडी ने अटैच की है। मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि विजिलेंस कमिश्नर से अनुमति मिलने के बाद 9 मई 2023 के बाद बीरेन्द्र राम की संपत्ति की जांच शुरू की गई है। कोर्ट ने मामले में प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार को ईडी के जवाब पर अपना प्रतिउत्तर देने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 26 जुलाई को होगी। इससे पहले सुनवाई के दौरान प्रार्थी राजीव कुमार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि बीरेन्द्र राम के पास अकूत संपत्ति की जानकारी विभागीय मंत्री को नहीं होगी ऐसा संभव नहीं है। सभी के साठगांठ से भ्रष्टाचार का यह खेल हुआ है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ मैं मामले की सुनवाई बुधवार को हुई। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने ईडी और एंटी करप्शन ब्यूरो को मामले में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था। पूर्व की सुनवाई में प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था की जूनियर इंजीनियर सुरेश प्रसाद के जमशेदपुर आवास से नवंबर 2019 में करीब ढाई करोड़ पर बरामद हुए थे। यह राशि बीरेन्द्र राम के रिश्तेदार आलोक रंजन की थी, लेकिन यह किसका है यह विजिलेंस टीम को पता नहीं चल पाया था। एसीबी ने इस मामले में सिर्फ सुरेश प्रसाद को जेल भेज दिया बाकी के खिलाफ किसी तरह की न तो जांच की गए और न ही कोई कार्रवाई नहीं की गई।

- जूनियर इंजीनियर सुरेश प्रसाद के जमशेदपुर आवास से ढाई करोड़ रुपए बरामदगी मामला
- विजिलेंस कमिश्नर से अनुमति मिलने के बाद 9 मई 2023 के बाद बीरेन्द्र राम की संपत्ति की शुरू की गई है जांच


फाइल फोटो

### हाईकोर्ट ने बीरेन्द्र राम के केस में प्रार्थी से मांगा रिजवाइंडर, एसीबी-ईडी ने दाखिल की स्टेटस रिपोर्ट

ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता बीरेन्द्र राम और पथ निर्माण विभाग के निलंबित अभियंता प्रमुख रास बिहारी सिंह के खिलाफ हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। दरअसल सीबीआई जांच की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने याचिकाकर्ता को रिजवाइंडर दाखिल करने का निर्देश दिया है। अब अदालत इस जनहित याचिका पर 26 जुलाई को सुनवाई करेगा। मामले में मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्र की खंडपीठ में ईडी और एसीबी ने अब तक इन लोगों पर क्या कार्रवाई हुई है, इसकी जानकारी स्टेटस रिपोर्ट के माध्यम से कोर्ट को दी है।

## सीएम हेमंत सोरेन के साथ टाटा मोटर्स, टाटा कमिंस व टाटा स्टील के वरीय अधिकारियों ने की बैठक

# अब जमशेदपुर में भी ELECTRIC के अलावा HYDROGEN ENGINE से चलने वाले वाहनों को बनाने की तैयारी

**PHOTON NEWS RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ बुधवार को झारखंड मंत्रालय में टाटा मोटर्स, टाटा स्टील एवं टाटा कमिंस के वरीय अधिकारियों ने बैठक की। बैठक में झारखंड (जमशेदपुर) में न्यू ग्रीन टेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग प्रोजेक्ट के विस्तार (हाइड्रोजन टेक्नोलॉजी इंजन आधारित वाहन निर्माण) पर निवेश की संभावनाओं पर चर्चा हुई। टाटा मोटर्स के अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री के समक्ष पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से ग्रीन टेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग प्रोजेक्ट के संबंध में विस्तृत जानकारी रखी गई। टाटा मोटर्स के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष कहा कि झारखंड के जमशेदपुर में न्यू ग्रीन टेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग प्रोजेक्ट के विस्तार (हाइड्रोजन टेक्नोलॉजी इंजन आधारित वाहन निर्माण) पर निवेश की असीम संभावनाएं हैं।

टाटा मोटर्स एवं टाटा कमिंस इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ-साथ हाइड्रोजन इंजन से चलने वाले वाहन बनाने की तैयारी कर रही है। अधिकारियों ने कहा कि आने वाले 25 से 30 वर्ष तक ऑटोमोबाइल सेक्टर में शून्य कार्बन उत्सर्जन हासिल करना टाटा मोटर्स का लक्ष्य है। टाटा मोटर्स जमशेदपुर में हाइड्रोजन सेगमेंट स्थापित करना चाहती है। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष कहा कि राज्य सरकार के सहयोग से हरित हाइड्रोजन मिशन को प्राप्त किया जा सकेगा। टाटा मोटर्स इन दिनों वाहनों के नए तकनीक पर काम कर रही है। टाटा मोटर्स इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ-साथ अब हाइड्रोजन इंजन से चलने वाली गाड़ियों की मैन्युफैक्चरिंग की ओर ध्यान दे रही है। टाटा मोटर्स झारखंड के जमशेदपुर में हाइड्रोजन टेक्नोलॉजी के विस्तार हेतु निवेश के लिए इच्छुक है। टाटा मोटर्स इस निमित्त राज्य सरकार से सहयोग की अपेक्षा रखती है।



टाटा के अधिकारियों के साथ बैठक करते सीएम हेमंत सोरेन व अन्य ● फोटोन न्यूज

### राज्य सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का सीएम ने दिया भरोसा

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने टाटा मोटर्स, टाटा स्टील एवं टाटा कमिंस के अधिकारियों से हाइड्रोजन इंजन आधारित वाहन मैन्युफैक्चरिंग प्लानिंग की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा उन्हें राज्य सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में ग्लोबल वार्मिंग पूरे विश्व के लिए चुनौती है। भविष्य में ग्रीन टेक्नोलॉजी की ओर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। झारखंड में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। टाटा मोटर्स नई तकनीक का उपयोग कर स्वच्छ वातावरण में न्यू ग्रीन टेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग प्रोजेक्ट स्थापित करने निमित्त बेहतर मास्टर प्लान बनाकर कार्य करे। राज्य सरकार वाहन निमार्ता कंपनी के सहयोग के लिए उनके साथ हमेशा खड़ी रहेगी।

### लंदन में हैदराबाद की छात्रा की चाकू मारकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**LONDON :** लंदन में हैदराबाद की एक छात्रा की उसके फ्लैटमेट ने चाकू मारकर हत्या कर दी। 27 साल की कोंथम तेजस्विनी रेड्डी लंदन के वेम्बली में अपने दोस्तों के साथ रहती थीं। 6 दिन पहले ब्राजील का एक शख्स उनके फ्लैट में रहने के लिए आया था। आरोप है कि उसी शख्स ने मंगलवार सुबह तेजस्विनी का मर्डर कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। तेजस्विनी पिछले साल मार्च में मास्टर्स की पढ़ाई करने के लिए लंदन गई थीं। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने बताया कि तेजस्विनी की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी ने तेजस्विनी के अलावा अखिला नाम की लड़की पर भी हमला किया। अखिला का इलाज चल रहा है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है। दोनों पर हमला करने की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस ने इस मामले में मौके से 24 साल के लड़के और 23 साल की लड़की को गिरफ्तार किया।

# कब तक चुनेंगे एक ही परिवार के एमपी-एमएलए : वसुंधरा

## भाजपा उपाध्यक्ष के निशाने पर झामुमो

**PHOTON NEWS DUMKA :** दुमका लोकसभा का जामा विधानसभा क्षेत्र। आदिवासी बाहुल्य अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित झामुमो की परंपरागत सीट। झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन ने 80 के दशक में इसी सीट से पहली बार विधायक चुने गए थे। अब उनकी पुत्रवधु सीता सोरेन यहां से लगातार तीसरी बार विधायक हैं। इससे पहले पुत्र स्व.दुर्गा सोरेन जामा सीट से विधायक हुआ करते थे। बुधवार को इसी विधानसभा क्षेत्र के विजय राय जनजातीय उच्च विद्यालय परिसर चोरकट्टा कैराबनी के मैदान पर भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष फायरब्रांड नेत्री व राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने भाजपा के मिशन 2024 के तहत आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए यहां की जनता से परिवारवाद की राजनीति को खत्म कर विकास की राजनीति को अवसर देने का आह्वान किया है। पहली बार संताल परगना की धरती पर किसी जनसभा को संबोधित करने आईं वसुंधरा ने अपने संबोधन की शुरूआत सिदो-कान्हु का नाम लेकर कीं। सबको जोहार और प्रणाम करते हुए कहा कि कब तक एक ही परिवार के एमपी-एमएलए को चुनेंगे। यहां शिबू सोरेन परिवार के अलावा कोई यहां का बेटा नहीं है क्या चुनने के लिए। वसुंधरा ने कहा कि पहले गांव-गांव में लोग इंदिरा गांधी को याद करते थे। अब इंदिरा चली गई इसलिए उन्हें भी याद करने की जरूरत नहीं है।



THE PHOTON NEWS

02 www.thephotonnews.com

Thursday, 15 June 2023

# 26 JUNE को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वंदे भारत एक्सप्रेस को दिखाएंगे हरी झंडी

PHOTON NEWS RANCHI

पीएम नरेंद्र मोदी 26 जून को पटना से रांची और रांची से पटना चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके बाद इस ट्रेन का नियमित परिचालन शुरू हो जाएगा। इसे पहले बीते 12 जून को इस ट्रेन का सफल ट्रायल किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी इसी दिन 4 अन्य वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। संभावना जताई जा रही है कि पीएम मोदी दिल्ली से ऑनलाइन इन ट्रेनों को रवाना करेंगे। जिन चार अन्य वंदे भारत ट्रेन को उस दिन रवाना किया जायेगा उसमें भोपाल-इंदौर, भोपाल-जबलपुर, गोवा झ्र मुंबई और बेंगलुरु-हुबली शामिल हैं।

26 जून से तीन के नियमित परिचालन शुरू होने के साथ ही रांची और पटना के यात्रियों में इस ट्रेन में सफर करने को लेकर कौतुहल है। वहीं, रेलवे की ओर से इस ट्रेन के लिये किराया की भी घोषणा कर दी गयी है। पटना से रांची वंदे भारत



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फाईल फोटो।

एक्सप्रेस में सफर करने के लिए यात्रियों को एग्जीक्यूटिव क्लास के लिए 1760 रुपये और चेयरकार के लिए 890 रुपये देने होंगे। इसमें कैटरिंग की राशि नहीं जोड़ी गई है। यात्री अपनी इच्छा के अनुसार, खाने का आर्डर दे सकते हैं। इसके लिए यात्रियों को अतिरिक्त राशि का भुगतान करना होगा। बता दें ट्रायल रन में रांची और पटना के बीच की दूरी पौने छह घंटे में तय की गयी थी। ट्रेन समय से 23 मिनट पहले पहुंची थी। इसी महीने ट्रेन का उद्घाटन होना है। हालांकि, इसकी तिथि की घोषणा नही की गई है।

ट्रेन के एक बोगी में 78 सीटें हैं। एक तरफ 2 और दूसरी तरफ 3 साटें हैं। हर सीट के नीचे फूट स्टैंड की सुविधा दी गयी है। इंटरनेट की सेवाओं का उपयोग करने के लिए ऑनबोर्ड वाई-फाई, जीपीएस, जैव-वैक्यूम समेत अन्य सुविधाएं हैं। सभी 16 डिब्बों में यात्रियों की पूरी सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। ट्रेन के ऑटोमेटिक दरवाजे तभी खुलेंगे जब ट्रेन पूरी तरह से रुक जाएगी। इससे यात्रियों का सफर आरामदायक और आनंददायक होगा।

## जेपी नड्डा 22 जून को आएंगे गिरिडीह, झंडा मैदान में विशाल जनसभा को करेंगे संबोधित

RANCHI : भाजपा का महा जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 22 जून को गिरिडीह आयेंगे। गिरिडीह परिसदन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की 22 जून को होने वाली जनसभा की तैयारी को लेकर बुधवार को महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष महादेव दुबे ने की।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने कहा झारखंड की जनता का सौभाग्य है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपना महत्वपूर्ण समय झारखंड को दिया। प्रकाश ने कहा कि झारखंड की धरती से नड्डा का पुराना रिश्ता है। उन्होंने कहा कि उनके



बैठक में शामिल भाजपाई। ● द फोटोन न्यूज

ओजस्वी भाषण को सुनने के लिए लाखों लोग पहुंचेंगे।

बैठक में भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, बालमुकुंद सहाय, विधायक बिरंची नारायण, पूर्व सांसद रविंद्र पांडेय, पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी आदि उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री से पैन एशिया मेटल्स लि. के अध्यक्ष पॉल लॉक ने की मुलाकात

PHOTON NEWS RANCHI

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को झारखंड मंत्रालय में पैन एशिया मेटल्स लि. के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक पॉल लॉक ने मुलाकात की। भेंटवार्ता के क्रम में उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष कहा कि झारखंड में लिथियम खनिज प्राप्त होने की अपार संभावनाएं हैं। लिथियम का उपयोग विभिन्न प्रकार की बैटरी बनाने के कार्य में होता है।

उन्होंने कहा कि जानकारी के अनुसार झारखंड में कोडरमा, हजारीबाग सहित अन्य क्षेत्रों में उपलब्धता है। लिथियम खनिज की जानकारी प्राप्त करने के लिए पैन एशिया मेटल्स लि. की टीम झारखंड भ्रमण पर है। पॉल लॉक ने मुख्यमंत्री के समक्ष कहा कि पैन एशिया मेटल्स लि. झारखंड में लिथियम



खनन के क्षेत्र में निवेश करना चाहती है। पैन एशिया मेटल्स लि. इस कार्य के लिए राज्य सरकार से सहयोग की अपेक्षा रखती है।

मुख्यमंत्री ने पैन एशिया मेटल्स लि. के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक पॉल लॉक से कहा कि झारखंड प्राकृतिक संपदाओं के लिए जाना जाता है। विभिन्न खनिजों की उपलब्धता के साथ-साथ लिथियम का पाया जाना भी राज्य के लिए अच्छे संकेत हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पैन एशिया मेटल्स लि. झारखंड में लिथियम उत्खनन कार्य में निवेश के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार के लिथियम उत्खनन प्रावधानों के अनुसार एक बेहतर कार्य योजना बनाकर प्रस्ताव सचिव खान एवं भूतत्व विभाग को उपलब्ध कराए। लिथियम उत्खनन के लिए कानून एवं नियम के तहत राज्य सरकार यथोचित कार्यवाही करते हुए निवेशकों को हर संभव सहयोग करेगी।

भेंटवार्ता के क्रम में राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, खान एवं भूतत्व विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी, निदेशक भूतत्व मनोज कुमार, उप निदेशक भूतत्व अमरेंद्र कुमार सिंह एवं पैन एशिया मेटल्स लि. के केबीएस मूर्ति उपस्थित थे।

## प्रयागराज के विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह आज आएंगे झारखंड

PHOTON NEWS RANCHI

भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान के तहत उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री रहे और वर्तमान में प्रयागराज पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह पांच दिवसीय दौरे पर 15 जून को रांची आयेंगे। यह जानकारी बुधवार को प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने दी।

उन्होंने बताया कि सिंह 15 से 19 जून तक रांची, खूंटी, जमशेदपुर और पलामू जिला भाजपा द्वारा आयोजित विभिन्न सांगठनिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। बताया कि 15 जून को सिद्धार्थ नाथ सिंह एक बजे अपराह्न रांची पहुंचेंगे। शाम चार बजे रांची महानगर की ओर से आयोजित लोकसभा की प्रेसवार्ता को संबोधित करेंगे। छह बजे शाम महा जनसंपर्क के तहत विशिष्ट परिवारों के साथ संपर्क से समर्थन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### सिद्धार्थ नाथ सिंह के कार्यक्रम

16 जून को 9.30 बजे पूर्वाह्न रांची स्थित तपोवन मंदिर में पूजा अर्चना के बाद 10 बजे पूर्वाह्न प्रदेश कार्यालय पहुंचेंगे। 11 बजे पूर्वाह्न से 5 बजे अपराह्न तक वे टिफिन बैठक एवम संपर्क से समर्थन कार्यक्रम में शामिल होंगे। 6 बजे अपराह्न विकास भारती कार्यालय, आरोग्य भवन बरियातू जायेंगे।

17 जून को सिद्धार्थ सिंह 10 बजे पूर्वाह्न खूंटी में जनसभा को संबोधित करने के बाद जमशेदपुर जायेंगे। 6 बजे शाम जमशेदपुर में पार्टी द्वारा आयोजित संपर्क कार्यक्रम में शामिल होंगे।

18 जून को जमशेदपुर में 11 बजे पूर्वाह्न संपर्क से समर्थन कार्यक्रम में शामिल होंगे और शाम पांच बजे जनसभा को संबोधित करेंगे।

19 जून को सिद्धार्थ सिंह पलामू जिला के प्रवास पर जाएंगे, जहां वे 11 बजे पूर्वाह्न डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के लाभार्थी सम्मेलन को संबोधित करेंगे। 2.30 बजे वे मेदिनीनगर में प्रेस वार्ता भी करेंगे। चार बजे अपराह्न छत्तरपुर विधानसभा क्षेत्र के लाभार्थी सम्मेलन तथा शाम 6 बजे विशिष्ट जनों के साथ संपर्क से समर्थन कार्यक्रम में भाग लेकर ट्रेन से प्रयागराज के लिए रवाना हो जाएंगे।

## बोकारो जिले के सामाजिक संगठन के जन नेताओं ने एनपीपी पार्टी की सदस्यता ली

PHOTON NEWS RANCHI

आगामी लोकसभा विधानसभा चुनाव 2024 को देखते हुए नेशनल पीपुल्स पार्टी ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में अपना पैठ जनता एवं सामाजिक नेताओं के बीच बना रहे हैं। एनजीओ संचालक उमेश कुमार ने पार्टी की सदस्यता लेते हुए कहा निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करने वाला नेशनल पीपुल्स पार्टी है। युवाओं को नेतृत्व का मौका दे रहा है यह झारखंड के लिए बेहतर संदेश है। जल्द ही कोयलांचल में संगठन युवाओं व जनता-जनार्दन के बीच मजबूती बनाएगी ताकि 2024 चुनाव में सकारात्मक पहल बनी रहे।

पंकज कुमार ने कहा डुमरी, टुंडे ,बाघमारा, सिंदरी,गोमिया गिरीडीह विधानसभा क्षेत्र में जल्दी



सदस्यता ग्रहण करते सामाजिक संगठन के नेता। ● द फोटोन न्यूज

संगठन विस्तार कर जन मुद्दों पर आंदोलन करेगी। नेशनल पीपुल्स पार्टी के प्रदेश महासचिव अमर महतो प्रदेश प्रवक्ता सुमन बाड़ा, प्रदेश सचिव, जोसेप लाकड़ा मौके पर मौजूद रहे। राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेने के बाद प्रदेश कार्यसमिति धरातल पर नेताओं की तलाश कर रही है।

उत्तरी छोटानागपुर-कोल्हान में बहुत ऐसे विधानसभा चिन्हित हैं जिस पर एक अच्छा वोट का प्रतिशत बढ़ने की आशंका है। वर्तमान गठबंधन सरकार के क्रियाकलाप से आम जनता त्राहिमान कर रही है। इसका लाभ का हिस्सा नेशनल पीपुल्स पार्टी को मिलने की उम्मीद है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष कोनराड संगमा ने कहा झारखंड एक आदिवासी बहुल क्षेत्र है। इस पर पार्टी सुचारू रूप से काम कर रही है। मानसून सत्र के बाद प्रदेश अधिवेशन की तैयारी में जुट जाएंगे। प्रदेश कार्यसमिति को मजबूती देने के लिए पार्टी छोटे-छोटे मुद्दों पर प्रशासन की कार्यशैली पर अवलोकन करते हुए आंदोलन करेगी।

## आजसू पार्टी 22 जून को मनाएगी संकल्प दिवस

PHOTON NEWS RANCHI

आजसू पार्टी 22 जून को पूरे राज्य में संकल्प दिवस के रूप में मनाएगी। इस अवसर पर राज्य के सभी जिला और विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। संकल्प दिवस की तैयारियों को लेकर सभी स्तर के पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया गया है।



मीडिया को जानकारी देते प्रवक्ता। ● द फोटोन न्यूज

इसे लेकर बुधवार को आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि संकल्प दिवस के अवसर पर आजसू पार्टी के नेता, कार्यकर्ता राज्य की मयार्दा एवं जनमन की सुरक्षा के संकल्प लेंगे। संकल्प सभा के माध्यम से सभी नेता एवं पदाधिकारी राज्य की वर्तमान स्थिति तथा झामुमो महागठबंधन सरकार की विफलताओं से जनता को अवगत कराएंगे। अपने-अपने क्षेत्रों में संकल्प दिवस को सफल बनाने के लिए सभी केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, जिला प्रभारी, विधानसभा प्रभारी, जिला एवं प्रखंड के सभी पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया गया है। साथ ही संकल्प सभा में आजसू के सभी अनुषंगी इकाई के पदाधिकारी शामिल होंगे।

### झामुमो पार्टी के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी कार्यालय में आयोजित की पत्रकार वार्ता

# ललित मोदी को संरक्षण देने वाली महारानी संथाल की वीर भूमि में भ्रष्टाचार का पाठ पढ़ा रही : सुप्रियो भट्टाचार्य

PHOTON NEWS RANCHI

झामुमो ने राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे सिंधिया पर पलटवार किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि ललित मोदी का पालन-पोषण करने वाली, आईपीएल के जरिए आर्थिक मुनाफा कमा कर विदेश भागने वाले ललित मोदी को संरक्षण देने वाली महारानी संथाल की पावन भूमि देवघर में जनता को भ्रष्ट और भ्रष्टाचार का पाठ पढ़ा रही थीं।

अजीब हालत है, जिस राजस्थान में भाजपा उन्हें मुख्यमंत्री पद का दावेदार तक नहीं बनाना चाह रही है। उनके नेतृत्व में चुनाव





पत्रकार वार्ता में मीडिया को जानकारी देते सुप्रियो भट्टाचार्य। ● द फोटोन न्यूज

लड़ा जाए या नहीं इसको लेकर भाजपा पशोपेश में है। वह यहां आकर भाजपा के लिए जन समर्थन जुटाने का काम कर रही है। उन्हें यह पता होना चाहिए कि संथाल फुलो-झानो की पवित्र भूमि है, जहां पर पूंजीवाद और उपनिवेशवाद की लड़ाई लड़ी गयी। उस भूमि पर ऐसे सामंतवादी विचारधारा के लोग अनाप-शनाप बोल कर चले जा रहे हैं। इसका जवाब संथाल की जनता चुनाव में देगी।

### राजनीतिक मुद्दे लेकर आएं, तब करें झामुमो से मुकाबला

भट्टाचार्य ने कहा कि अजीब स्थिति है. जो पार्टी 11 लाख करोड़ का आर्थिक घपले की दोषी है. जिस ललित मोदी का प्रश्रय देने वाली भाजपा और उनके नेता हैं, जिसने देश के गाढ़ी कमाई लेकर विदेश भागने का काम किया. उसी दल के लोग भ्रष्ट और भ्रष्टाचार की सीख देते फिर रहे हैं. भ्रष्ट-भ्रष्ट का राग अलाप रहे हैं. मजे की बात है महारानी के साथ वहां के स्थानीय सांसद भी मौजूद रहते हैं, जिनकी काली करतूतों की लंबी फेहरिस्त है. आखिरकार ये लोग किस मुंह से यहां की सरकार को भ्रष्ट कहते हैं. अरे जनता के बीच जाना है, किसी पार्टी से लड़ाई करनी है, तो राजनीतिक मुद्दे लेकर आएं.

### काम किए होते तो जनसंपर्क करने की जरूरत नहीं पड़ती

भट्टाचार्य ने कहा कि चार साल तक सोयी रहने वाली पार्टी अब जनसंपर्क अभियान चला रही है। जनता को जगाने का काम कर रही है। अगर अपने समय में काम किए होते, तो इसकी जरूरत नहीं पड़ती. खुद जनसमर्थन मिलता. इसलिए भाजपा के लोग राजनीतिक रूप से झामुमो के साथ मुकाबला लोकसभा और विधानसभा में करें. यहां किसी के आने की रोक नहीं है, मगर मुद्दे लेकर आएं। वैसे मुद्दे लेकर नहीं जाएं. जिससे पहले से उनके हाथ रंगे हों या जले हों।

## BRIEF NEWS

### राज्यपाल से मिले झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस

RANCHI : राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा ने राजभवन में मुलाकात की। इस दौरान मिश्रा ने राज्यपाल को उच्च न्यायालय के नवनिर्मित भवन में सुचारु रूप से कार्य प्रारम्भ होने की जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल को उच्च न्यायालय की ओर से प्रकाशित स्मारिका भी भेंट की।

### मुख्यमंत्री ने ग्रामीण विकास मंत्री के पोते को जन्मदिन की दी बधाई

RANCHI : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन बुधवार को ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के एजी कॉलोनी डोरंडा स्थित आवास पहुंचकर उनके पोता आहिल आलम को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री एवं मंत्री आलमगीर आलम की उपस्थिति में आहिल आलम ने बर्थडे केक काटा। इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम एवं उनके अन्य परिजन उपस्थित थे।

### झामुमो के बयान पर कुणाल षाड़ंगी का पलटवार

RANCHI : भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे पर झामुमो नेता के बयानबाजी पर भाजपा ने पलटवार किया है। प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने बुधवार को कहा कि भ्रष्टाचार के दलदल में गले तक सरकार डूब चुकी है। षाड़ंगी ने झामुमो नेता के बयान को मानसिक दिवालियापन और मुद्दाविहीन बताया। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि आज देश में झारखंड का परिचय बदल चुका है। पिछले साढ़े तीन सालों में लूट, झूठ और भ्रष्टाचार की जो उल्लेखनीय पटकथा झामुमो-कांग्रेस सरकार ने लिखी है, उसका बखान करने में दिन कम पड़ जाएंगे। ऊपर से लेकर नीचे तक जड़ जमा चुकी भ्रष्टाचार की इतनी घटनाएं इससे पहले कभी झारखंड में देखने को नही मिली और ना ही कभी इतने बड़े पैमाने पर लोग पकड़े गए। आज जिस तरह से वरीय आईएस अधिकारी से लेकर जमीन के दलाल, ट्रांसफर पोस्टिंग के दलाल, अवैध खनन करने वाले दलाल की लगातार गिरफ्तारी हो रही है, उससे तो यही प्रतीत हो रहा है कि भ्रष्टाचारियों के लिए जेल में जगह भी कम पड़ जाएगी। कुणाल षाड़ंगी ने कहा कि झामुमो नेता कहते हैं संथाल परगना की धरती, फूलो-झानो की धरती है लेकिन फूलो-झानो, सिदो-कान्हू के धरती के गौरव को धूमिल करने का कार्य झामुमो ने किया है। संथाल परगना की धरती पर महिला अत्याचार की वीभत्स घटनाएं लगातार सामने आई है। सिदो-कान्हू के छठे वंशज रामेश्वर मुर्मू की हत्या की घटना हो या फिर बहन-बेटियों के साथ बलात्कार- हत्या की घटना अथवा जांबाज पुलिस अधिकारी रूपा तिर्की की हत्या का मामला हो। इन सभी घटनाओं ने संथाल परगना की गौरव को ठेस पहुंचाया है। परंतु झामुमो के नेता को यह सब नही दिखाई दे रहा है। इन सब मामलों पर झामुमो नेता धृतराष्ट्र बन गए हैं। उल्लेखनीय है कि झामुमो के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया पर पत्रकार वार्ता में कहा कि ललित मोदी का पालन-पोषण करने वाली, आईपीएल के जरिए आर्थिक मुनाफा कमा कर विदेश भागने वाले ललित मोदी को संरक्षण देने वाली महारानी संथाल की पावन भूमि देवघर में जनता को भ्रष्ट और भ्रष्टाचार का पाठ पढ़ा रही थीं।

### केन्द्र सरकार के नौ साल बेमिसाल : दीपक प्रकाश





महा जनसंपर्क अभियान के तहत दीपक प्रकाश व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

RANCHI : महा जनसंपर्क अभियान के तहत बुधवार को कांके विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पिठौरिया मैदान में विधानसभा स्तरीय संयुक्त मोर्चा सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि मोदी सरकार के नौ साल उपलब्धियों की दृष्टि से बेमिसाल रहे हैं। गरीब कल्याण,सेवा और सुशासन की योजनाओं को धरातल पर उतारते हुए भारत का सांस्कृतिक गौरव पुनर्स्थापित हुआ है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के नौ साल सर्व व्यापी सर्व समावेशी और सर्व स्पर्शी विकास के रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी सात मोर्चों के कार्यकताओं के लिए भी यह गौरवशाली क्षण है। क्योंकि, मोदी सरकार ने सभी क्षेत्र के लिए कल्याणकारी योजनाओं को केवल प्रारंभ ही नही किया, बल्कि धरातल पर तेज गति से उतारा। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ता इस बात को अवश्य बताएं कैसे मोदी सरकार ने दलित वंचित समाज के लिए योजनाएं लागू की। आज जनधन खाता हो या शौचालय, प्रधानमंत्री आवास योजना हो, गरीब कल्याण अन्न योजना या आयुष्मान योजना सभी में दलित समाज के लोग शत प्रतिशत लाभान्वित हो रहे। कार्यकर्ता बताएं कैसे मोदी सरकार ने बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर से जुड़े पंच तीर्थ को विकसित किया। अनुसूचित जनजाति मोर्चा भी कल्याणकारी योजनाओं के साथ कैसे भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजाति गौरव दिवस घोषित किया, एक सामान्य परिवार से जुड़ी जनजाति महिला को राष्ट्रपति पद पर आसीन कराकर विश्व में समाज को महिमा मंडित किया यह बताने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि किसान मोर्चा भी उपलब्धियों से भरा है। किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, यूरिया, एमएसपी, भूमि का डिजिटल मैपिंग जैसे अनेक कार्य किसानों के लिए मोदी सरकार ने शुरू किए। उन्होंने कहा कि भाजपा को भारत की जनशक्ति पर भरोसा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में झारखंड की सभी 14 सीटें जनता भाजपा और एनडीए के खाते में देकर मोदी के नेतृत्व में एक मजबूत सरकार तीसरी बार बनाएगी। सम्मेलन को विधायक समरी लाल एवम जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने भी संबोधित किया।

### झारखंड राज्य विपणन पर्षद के अध्यक्ष बने रवीन्द्र सिंह

RANCHI : झारखंड राज्य विपणन पर्षद के अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह को बनाया गया है। इस संबंध में झारखंड सरकार के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग ने बुधवार को अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार झारखंड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन (संवर्धन और सुविधा) अधिनियम, 2022 की धारा 23(1) एवं 86 के तहत रवीन्द्र सिंह को झारखंड राज्य विपणन पर्षद के अध्यक्ष के पद पर अगले आदेश तक तत्कालिक प्रभाव से मनोनीत किया गया है।

### प्रधानमंत्री की विदेश यात्रा के कारण 25 के बजाय 18 जून को ही होगी 'मन की बात'

VARANASI : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम में इस बार बदलाव किया गया है। यह कार्यक्रम माह के अंतिम रविवार (25 जून) के बजाय 18 जून को होगा। इस कार्यक्रम में बदलाव प्रधानमंत्री के विदेश यात्रा की वजह से किया गया है। केन्द्र की मोदी सरकार के सफलतम नौ वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा संगठन द्वारा चलाए जा रहे महासम्पर्क अभियान के तहत लोकसभा स्तर पर होने वाली जनसभाओं की तैयारियां चल रही हैं। आगामी 27 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कार्यकताओं को वर्चुअल सम्बोधित करेंगे। जिसकी तैयारियों को लेकर बुधवार को पार्टी के गुलाबबाग सिगरा कार्यालय में महानगर के पदाधिकारियों की मैराथन बैठक हुई।

Daily
सच के हक में...
THE PHOTON NEWS
03
www.thephotonnews.com
Thursday, 15 June 2023

BRIEF NEWS

## पति के सामने पत्नी की ट्रेन से कटकर हो गई मौत

**RANCHI :** रांची रेलवे स्टेशन में बुधवार को महिला अंजुम तारा की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। महिला की मौत उसके पति के सामने हो गई और पति कुछ नहीं कर पाया। पति अहमद अंसारी ने बताया कि उन्हें लातेहार जाना था। दोनों गलती से पटना जाने वाली जनशताब्दी ट्रेन में बैठ गए। जब तक उन्हें पता चला कि वे लोग गलत ट्रेन में बैठे है, तब तक ट्रेन चल पड़ी। जल्दबाजी में वे चलती ट्रेन से उतरने लगे। पति अहमद अंसारी ट्रेन से उतर गया। लेकिन महिला का पैर फिसल गया और वह ट्रैक पर गिर गई। जिससे ट्रेन के कटकर उसकी मौत हो गई। महिला विशाखापटनम में अपने बेटे का एडमिशन करा कर पति के साथ रांची लौटी थी। लेकिन लातेहार जाने से पहले यह घटना हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव पति के हवाले कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि रेलवे के डाक्टर घटना होने के 45 मिनट बाद मौके पर पहुंचे। पति ने आरोप लगाया है कि डाक्टर समय से पहुंच जाते तो उसकी पत्नी की जान बच जाती। स्टेशन पर महिला की मौत होने के बाद काफी लोगों की भिड़ जमा हो गई थी। पहले भी इस तरह की घटना में डाक्टर के समय पर नहीं पहुंचने से मरीज की परेशानी बढ़ गई है।

## सीसीएल ने टीएस सहित 15 अफसरों का किया तबादला

**RANCHI :** सीसीएल प्रबंधन ने निदेशक तकनीकी (ओ) के टीएस सहित 15 अफसरों का तबादला कर दिया है। एरिया में जीएम रहे एक अफसर को डीटीओ का टीएस बनाया गया है। इसका आदेश 13 जून देर शाम को अधिकारी स्थापना विभाग ने जारी किया। जारी आदेश के मुताबिक तबादला किए गए सभी अधिकारी माइनिंग संवर्ग के हैं। इसमें सीनियर मैनेजर से लेकर जीएम तक हैं। कई अफसरों का एरिया बदल दिया गया है। तबादला किए गए अधिकारियों में कन्हैया शंकर गयवाल, अतीश कुमार दिवाकर, राजीव कुमार सिंह, एसी दे, रवीन्द्र नारायण सिंह, मनोज कुमार पांडे, शैलेश प्रसाद, अरविंद कुमार शर्मा, सुशील कुमार सिंह ,सतीश कुमार त्रिवेदी, गोपाल सिंह मीणा, कृष्णा मुरारी, मुनि नाथ सिंह, अंजनी कुमार और भूषण कुमार शामिल हैं।

## कार्यस्थल पर महिलाओं साथ लैंगिक उत्पीड़न रोकने लिए शिकायत समिति गठित

**RANCHI :** कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न रोकने के लिए नगर विकास एवं आवास विभाग ने आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया है। समिति का अध्यक्ष रांची नगर निगम की सहायक नगर आयुक्त शीतल कुमारी को बनाया गया है। वहीं, सदस्य के रूप में राज्य शहरी विकास अभिकरण, सूडा में पदस्थापित क्षमता संवर्धन विशेषज्ञ पुष्पा मार्टिन व प्रभारी सहायक प्रशाखा पदाधिकारी विभागीय मुख्यालय स्थापना को नामित किया गया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है। यह समिति नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत सारे कार्यालयों, नगर निकायों में लैगिंक उत्पीड़न निवारण, प्रतिबंध और प्रतितोष अधिनियम 2013 के तहत शिकायतों पर कार्रवाई करेगी। दोषियों को दंडित करने के लिए सरकार से अनुशंसा भी करेगी। कार्यस्थल पर महिलाओं के कार्य करने के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध हो इसे भी सुनिश्चित करेगी।

atom美
ATOMY
INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# ED ने 10 महीने में जब्त की 254 करोड़ से अधिक की संपति, 27 करोड़ कैश भी मिला

**SUHAIB ANSARI RANCHI :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड में पिछले 10 महीने में 254.19 करोड़ की संपत्ति जब्त की है। इसके अलावा 27.73 करोड़ नगदी भी बरामद किया है। जमीन घोटाला, अवैध खनन घोटाला, मनरेगा घोटाला और इंजीनियर वीरेंद्र राम मामले में इतनी राशि जब्त हुई है। ईडी ने इस दौरान 18 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

**जब्त की वीरेंद्र राम की 39.28 करोड़ रुपये की संपत्ति :** ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम व उनके परिवार के सदस्यों से जुड़ी 39.28 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्तियों को ईडी ने बीते 19 अप्रैल को जब्त कर लिया था। पद का दुरुपयोग कर आय से करोड़ों की चल-अचल संपत्ति बनाने वाले वीरेंद्र राम के विरुद्ध मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने यह कार्रवाई की है। जब्त संपत्तियों में दिल्ली, जमशेदपुर व रांची स्थित फार्म हाउस, फ्लैट, डुप्लेक्स बंगला, जमीन और बैंक खाते में पड़े करीब 36 लाख रुपये शामिल हैं।

**अवैध परिवहन मामले में 30 करोड़ की संपत्ति जब्त :** साहिबगंज में गंगा नदी में अवैध परिवहन मामले में 24 जुलाई 2022 को प्रशासनिक अभिरक्षा में लिए गए मालवाहक जहाज को ईडी ने 27 जुलाई 2022 को सीज कर लिया था। इसके पहले ईडी की टीम ने 30 करोड़ के इस मालवाहक जहाज का मुआयना किया था और इससे संबंधित दस्तावेज खंगाले थे। ज्ञात हो कि मंगलवार को दस्तावेज नहीं दिखाने पर सीओ कार्यालय से मिले आवेदन के आधार पर मुफ्फसिल पुलिस ने जहाज के मालिक के विरुद्ध थाना कांड संख्या 84/22 दर्ज किया था।




### जमीन घोटाला मामले में 74.39 करोड़ की संपत्ति जब्त

ईडी रांची में जमीन घोटाला मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत जांच कर रही है। इस मामले में 12 जून को ईडी ने 74.39 करोड़ रुपये की संपत्ति अस्थाई रूप से जब्त की। इनमें सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन और हेहल अंचल के बजरा मौजा की 7.16 एकड़ जमीन शामिल हैं। सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की कामर्शियल वैल्यू 41.51 करोड़ रुपये और बजरा मौजा में 7.16 एकड़ जमीन की कीमत 32.87 करोड़ रुपये लगाई गई है।

### पूजा सिंघल की 82.77 करोड़ की संपत्ति जब्त

ईडी ने निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल और उनके पति अभिषेक झा की 82.77 करोड़ रुपये की संपत्ति स्थायी तौर पर बीते 11 मई को जब्त कर ली थी। ईडी की एडजुकेटिंग अथॉरिटी ने संपत्ति की स्थायी जब्ती पर मुहर लगा दी थी। इससे पहले एक दिसंबर 2022 को ईडी ने मनरेगा घोटाले में संपत्तियों की जब्ती का प्रोविजनल अटैचमेंट ऑर्डर जारी किया था। प्रोविजनल अटैचमेंट आदेश को आरोपियों ने ईडी के एडजुकेटिंग अथॉरिटी के समक्ष चुनौती दी थी। लेकिन अथॉरिटी ने ईडी के अस्थायी जब्ती आदेश को सही मानते हुए अब स्थायी तौर पर पूरी संपत्ति जब्त कर ली।

### ईडी ने 27.73 करोड़ नकद जब्त किये

- ईडी ने मनरेगा घोटाला मामले में पूजा सिंघल और जुड़े लोगों के कुल 22 ठिकाने पर ईडी ने छापेमारी की थी, इस दौरान 19.41 करोड़ रुपये बरामद हुए थे।
- अवैध खनन मामले में 18 स्थानों पर छापेमारी के बाद ईडी ने 5.32 करोड़ रुपये नकद जब्त किए थे।
- ईडी ने 14 ठिकानों पर छापेमारी की थी। पूजा सिंघल के करीबी के घर से 3 करोड़ से ज्यादा की नकदी बरामद की गयी थी।

## लव जिहाद मामले में आरोपी तनवीर बिहार से गिरफ्तार

### मॉडल के बयान पर गोंदा थाना में दर्ज हुआ था मामला


आरोपी तनवीर अख्तर

**CRIME REPORTER RANCHI :** गोंदा थाना की पुलिस ने बुधवार को मुंबई में रहने वाली मॉडल के साथ लव जिहाद के मामले में आरोपी तनवीर अख्तर को बिहार के अररिया से गिरफ्तार किया है। आरोपी को रांची लाया जा रहा है। गोंदा थाना में पहुंचने के बाद आरोपित से पूछताछ की जाएगी इसके बाद उसे जेल भेजा जाएगा। गोंदा थाना प्रभारी रवि ठाकुर ने इसकी पुष्टि की है। थाना प्रभारी का कहना है कि पुलिस आरोपी की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही थी। पुलिस को सूचना मिली कि वह अपने रिश्तेदार के घर में रह रहा है। इसके बाद गोंदा थाना से एक टीम भेजा गया और आरोपी को गिरफ्तार किया गया। मॉडल मूल रूप से भागलपुर की रहने वाली है। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने मॉडल के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसका वीडियो बना लिया था। वीडियो दिखाकर उसने कई बार दुष्कर्म किया। मॉडल आरोपी से परेशान होकर मुंबई चली गई। आरोपी मॉडल पर दबाव बनाने लगा और धर्म परिवर्तन कर शादी का दबाव बनाने लगा। शादी की बात नहीं मानने पर आरोपी अश्लील वीडियो को इंटरनेट पर डालने की धमकी देने लगा। इसके बाद पीडिता ने मुंबई में जीरो एफआइआर करा दिया। इसके बाद मामला रांची पहुंचा और फिर इसपर पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस का कहना है कि तनवीर अख्तर के खिलाफ कई तरह के सबूत मौजूद हैं। साइबर सेल की मदद से यह भी पता लगाया गया है कि तनवीर अख्तर ने उक्त मॉडल का फर्जी फेसबुक अकाउंट भी बनाने वाला था। इसकी कोशिश भी उसने की थी। वहीं मुंबई गयी झारखण्ड की स्पेशल टीम को खुद मॉडल ने भी कई साक्ष्य उपलब्ध कराया था। सभी सबूत को कोर्ट में दिया जाएगा।

### 20 माह पुराने दोहरे हत्याकांड का खुलासा, तीन धराए

## दुष्कर्म का विरोध करने पर प्रेमी-प्रेमिका को मार डाला

**CRIME REPORTER RANCHI :** रांची पुलिस ने 20 माह के बाद प्रेमी युगल विवेक और प्रीति की हत्या करने वाले तीन आरोपी रवि, आयुष और दानियल को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। इस हत्याकांड में एक अन्य आरोपी निरंजन भी था लेकिन उसकी हत्या हो चुकि है। पुलिस का कहना है कि सभी आरोपी घटना के दिन युवती के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास कर रहे थे। प्रेमी जोड़े ने इसका विरोध किया था। इसी बात पर आरोपियों ने दोनों को चापड़ से वार कर मार डाला था। पुलिस का कहना है जिस आरोपी की मौत हो चुकि है वह पीएलएफआई का उग्रवादी था। एसएसपी किशोर कौशल ने समीक्षा बैठक में इस कांड का खुलासा करने का आदेश दिया था। इसके बाद पुलिस सक्रिय हुई और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

**मृतक के बाइक से आरोपियों तक पहुंची पुलिस**

पुलिस का कहना है कि आरोपियों ने खूंटी में एक युवक को 60 हजार रुपये में बाइक बेची थी। जिस युवक ने बाइक खरीदा था उसे जानकारी मिली है कि इस बाइक के पीछे डबल मर्डर का मामला है। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच की और जिस युवक ने बाइक खरीदी थी उसे पकड़ा गया। युवक ने बताया कि रवि ने उसे बाइक दिया था। इसके बाद पुलिस ने रवि को पकड़ा फिर अन्य आरोपी पकड़े गए। पूछताछ में आरोपियों ने हत्या करने की बात स्वीकार कर ली।

**विवेक की मां ने तुपुदाना ओपी में लिखाई थी रिपोर्ट**

प्रेमी-प्रेमिका डबल मर्डर केस में मृतक विवेक की मां मिनी देवी ने तुपुदाना ओपी में केस दर्ज कराया था। हत्यारे विवेक की नई स्पोर्ट्स बाइक भी ले गए थे। बताया जाता है कि आरोपियों ने विवेक की बाइक को नगड़ी इलाके में बेच दिया था। आरोपियों की निशानदेही पर उसे बरामद कर लिया गया है। गौरतलब है कि 20 महीने पहले हुए इस डबल मर्डर केस में तब लव ट्राएंगल का मामला सामने आया था। आरोप, मृतिका पूजा कच्छप के एक्स लिव-इन पार्टनर प्रेम टोप्पो पर लगा था। मिली जानकारी के मुताबिक पूजा, प्रेम टोप्पो के साथ लिव-इन में रहती थी। कपल को एक बच्चा भी हुआ लेकिन प्रेम ने उसे अपनाने से इनकार कर दिया था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद था।

### क्या है पूरा मामला

पुलिस का कहना है कि 13 नवंबर 2021 को मृतक घर से बाइक लेकर निकला था और कहा था कि वह अपने दोस्त के पास जा रहा है। वहीं प्रीति ने घर में कहा था कि वह कुछ देर में घर लौटेगी। दोनों रिंग रोड के पास गए और एक मैदान में बैठकर बातचीत करने लगे। वहीं पर चारों आरोपी शराब का सेवन कर रहे थे। नशे की हालत में आरोपियों ने युवती के साथ दुष्कर्म करने की योजना बनाई। आरोपी युवती के पास पहुंचे और छेड़खानी करने लगे। आरोपी दुष्कर्म का प्रयास करने लगे। प्रीति और विवेक ने इसका विरोध किया। आरोपियों ने पहले दोनों के साथ मारपीट कर उन्हें जख्मी कर दिया। दोनों के घायल होने के बाद धारदार चापड़ से वार कर उनकी हत्या कर दी गई।

# राज्य सरकार ने HC को बताया- दिल्ली से अब तक देवघर ट्रांसफर नहीं हुई ZERO FIR

### देवघर डीसी मंजूनाथ के खिलाफ दिल्ली में जीरो एफआईआर दर्ज करने का मामला




**SPECIAL REPORTER RANCHI :** अगस्त 2022 में सांसद निशिकांत दुबे को हवाई जहाज से दिल्ली जाने के क्रम में देवघर में रोकने के खिलाफ दिल्ली में जीरो एफआईआर दर्ज को निरस्त करने को लेकर देवघर के डीसी मंजूनाथ की याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से हाईकोर्ट को बताया गया कि दिल्ली में दर्ज जीरो एफआईआर अब तक देवघर ट्रांसफर नहीं हुआ है। इस पर कोर्ट ने मामले में केंद्र सरकार को सत्यापित कर 2 सप्ताह में बताने को कहा है कि वाकई में जीरो एफआईआर देवघर पहुंचा है कि नहीं। हाईकोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने प्रार्थी मंजूनाथ के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी रखी है।

**दिल्ली में दर्ज जीरो एफआईआर देवघर में हो चुका है ट्रांसफर**

पिछली सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि दिल्ली में जो जीरो एफआईआर सांसद निशिकांत दुबे की ओर से दर्ज कराई गई थी उसे देवघर के कुंडा थाना में ट्रांसफर कर दिया गया है। इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि दिल्ली से भेजे गया जीरो एफआईआर के आधार पर देवघर के कुंडा थाना में प्राथमिकी दर्ज हुआ है या नहीं। प्रतिवादी निशिकांत दुबे की ओर से पार्थ जालान ने पैरवी की। वही प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा एवं अजय शाह ने पैरवी की।

**क्या है मामला**

पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया है कि 31 अगस्त 2022 को शाम में जब वह प्लेन से दिल्ली जा रहे थे तो तत्कालीन देवघर उपायुक्त मंजूनाथ के कहने पर सुरक्षाकर्मियों ने देवघर एयरपोर्ट पर उन्हें रोका और जान से मारने की धमकी भी दी। उनके सरकारी कार्य में बाधा डालने का भी निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया है। प्रार्थी का कहना था कि उनके खिलाफ लगाए गए सारे आरोप निराधार है इस इसलिए इसे संबंधित जीरो एफआईआर को रद्द किया जाए।

## टैगोर हिल स्थित ब्रह्म मंदिर को नहीं घोषित किया जा सकता राष्ट्रीय धरोहर, COURT में पुरातत्व विभाग ने दी जानकारी

झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में बुधवार को रांची स्थित टैगोर हिल के ऊपर स्थित ब्रह्म मंदिर के संरक्षण एवं केंद्र सरकार द्वारा इसे राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने का आग्रह करने वाली सोसाइटी ऑफ प्रिजर्वेशन ऑफ ट्राईबल कल्चर एंड नेचुरल ब्यूटी की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। खंडपीठ के समक्ष भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, केंद्र सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल किया गया। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने कोर्ट को बताया कि टैगोर हिल के ऊपर स्थित ब्रह्म मंदिर को राष्ट्रीय धरोहर घोषित नहीं किया जा सकता है। राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने की शर्त को यह पूरा नहीं करता है, साथ ही इसमें कलात्मक ऐतिहासिक विशेषताएं भी नहीं है।

कोर्ट ने मामले में याचिकाकर्ता को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के जवाब पर अपना प्रत्युत्तर देने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 26 जुलाई निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से पूछा था कि टैगोर हिल के ऊपर स्थित ब्रह्म मंदिर के संरक्षण एवं इसे राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने को लेकर क्या कदम उठाए जा रहे हैं ? पूर्व की सुनवाई में याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि टैगोर हिल के ऊपर स्थित ब्रह्म मंदिर 113 साल पुराना है, जिसे गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के बड़े भाई ज्योतिंद्र नाथ टैगोर ने बनवाया है। यह ब्रह्म मंदिर आज जीर्ण शीर्ण अवस्था में पड़ा हुआ है और टूट रहा है।

### हाईकोर्ट के बाहर नौकरी के लिए एचईसी के विस्थापितों ने किया प्रदर्शन

एचईसी के विस्थापितों ने झारखंड हाईकोर्ट के नए भवन के बाहर अपनी मांगों को लेकर बुधवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थी। महिलाओं ने कहा कि जिस जगह पर झारखंड हाईकोर्ट बना है वह उनके पूर्वजों की जमीन है जहां पर खेती का काम होता था। आज उनके पास कोई रोजगार नहीं है ,हाईकोर्ट के नए भवन में बाहर के लोगों को नौकरी दी जा रही है, लेकिन यहां के स्थानीय लोगों जिनमें तिरिल, लाबेद, कुटे, जगन्नाथपुर, आनी, नया सराय, डोरिया टोली, आदर्श नगर आदि के ग्रामीण इलाके शामिल है।

### हजारीबाग में मेयर के पद को दरकिनार करने का मामला

## राज्य सरकार व नगर निगम को विस्तृत जवाब दाखिल करने का HC ने दिया निर्देश

नगर आयुक्त हजारीबाग द्वारा मेयर के पद को दरकिनार करते हुए स्टैंडिंग कमिटी की बैठक बुलाने एवं निगम का बजट तय करने को चुनौती देने वाली मेयर मुंसिपल कॉरपोरेशन हजारीबाग की याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट ने राज्य सरकार एवं नगर निगम हजारीबाग को विस्तृत प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई छह जुलाई निर्धारित की। इससे पूर्व भी हजारीबाग नगर निगम एवं राज्य सरकार की ओर से मामले में प्रतिशपथ पत्र दायर किया गया था, लेकिन यह संतोषजनक नहीं था। जिसके बाद प्रार्थी ने फिर से प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने का आदेश देने का आग्रह कोर्ट से किया था। सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता शुभाशीष रसिक सोरेन एवं शोभा लकड़ा ने कोर्ट को बताया कि राज्य सरकार ने हजारीबाग नगर निगम में मेयर के पावर को दरकिनार कर दिया है। नगर आयुक्त हजारीबाग द्वारा स्टैंडिंग कमेटी की बैठक बुलाई जाती है एवं हजारीबाग निगम निगम के बजट की अध्यक्षता भी मेयर की बजाय दूसरे लोगों के द्वारा किया जाता है।

### तीन मोबाइल, पांच सिम कार्ड, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड और पासबुक बरामद

# 7 लाख ठगने वाले 3 साइबर अपराधी चढ़े CID के हत्थे, कस्टमर केयर प्रतिनिधि बनकर करते थे ठगी

**CRIME REPORTER RANCHI :** सात लाख रूपया की ठगी करने वाले तीन साइबर अपराधियों को अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने गिरफ्तार किया है। डीजी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर सीआईडी डीएसपी के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई करते हुए अभिजीत कुमार शाह, अमृत राज और सोनू पासवान नाम के तीन साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। इनके पास से तीन मोबाइल,पांच सिम कार्ड,आधार कार्ड, एटीएम कार्ड और पासबुक बरामद किया है।


गिरफ्तार आरोपी

**सात लाख की हुई थी ठगी**

सीआईडी के अंतर्गत साइबर क्राइम थाना में बीते 10 जनवरी को कांड संख्या 02/2023 दर्ज किया गया था। रांची के रातू रोड स्थित लक्ष्मी नगर के रहने वाले रामधनी साहू द्वारा यह मामला दर्ज कराया गया था। दर्ज कराए गए मामले में कहा गया था कि अज्ञात साइबर अपराधियों द्वारा बैंक का कस्टमर केयर का प्रतिनिधी बनकर एनी डेस्क एप्लीकेशन डाउनलोड करवाकर कुल 699997 रूपया की ठगी कर ली गई।

### इस अपराध शैली से बचने का तरीका

- किसी भी अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आने पर अपनी कोई निजी जानकारी साझा न करें।
- इंटरनेट सर्च इंजन, गूगल ऐड और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दिये कस्टमर केयर हेल्पलाइन पर भरोसा न करें।
- किसी भी अज्ञात व्यक्ति द्वारा भेजे गये अंजान लिंक या यूआरएल पर क्लिक ना करें और ना ही किसी अन्य नंबर पर फॉरवर्ड करें।

## ग्रामीण एसपी ने डीएसपी और थानेदारों को क्राइम कंट्रोल करने का दिया आदेश

**CRIME REPORTER RANCHI :** राजधानी में ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने जिला के सभी डीएसपी और थानेदारों को क्राइम कंट्रोल करने के आदेश दिया है। बैठक के दौरान ग्रामीण एसपी ने कहा कि रथ मेला, बकरीद पर्व और श्रावणी मेला को देखते हुए सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में शांति समिति के सदस्यों एवं स्थानीय दंडाधिकारी के उपस्थिति में शांति समिति के बैठक करेंगे। विगत माह में दिए गए निर्देशों की समीक्षा बारी- बारी सभी थाना प्रभारी से की गई। थाना प्रभारी अपने-अपने थाना में एक पंजी संधारित करेंगे जिसमें थाना क्षेत्र के अपराधकर्मियों का फोटो के साथ-साथ उससे संबंधित विस्तृत विवरण और अपराधिक इतिहास अंकित करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही आगामी माह के लिए अनुपालन करने का निर्देश दिया गया। कांड में बेहतर भूमिका निभाने वाले पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू,ओम प्रकाश तिवारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तोरपा खूंटी, दिग्विजय सिंह पुलिस निरीक्षक तोरपा अंचल खूंटी, पुअनि सत्यजीत कुमार थाना प्रभारी रनिया, पुअनि० दीपक कुमार सिंह थाना प्रभारी तमाड़, पुनि अभास कुमार थाना प्रभारी कांके, पुनि महेंद्र कुमार करमाली थाना प्रभारी टाटीसिलवे, पुअनि अमित प्रशांत थाना प्रभारी इटकी, पुअनि सुखदेव शाह ओपी प्रभारी खरसीदाग, पुअनि सुकुमार हेंब्रम थाना प्रभारी लापुंग, पुअनि रंजय कुमार थाना प्रभारी चान्हो को प्रशस्ति पत्र के साथ डायरी पेन देकर सम्मानित किया गया।

# PETROL पंप कर्मी से 5.60 लाख रुपये की छिनतई

**PHOTON NEWS DUMKA**

रामगढ थाना क्षेत्र में दुमका-भागलपुर स्टेट हाईवे पर अमरपुर गांव के समीप बुधवार को दो बाइक सवार चार अपराधियों ने बाबा बासुकीनाथ फ्यूल स्टेशन चंद्रदीप (नोनीहाट ) के कर्मी हितेश कुमार से 5.60 लाख की छिनतई कर ली।

बताया जाता है कि पेट्रोल पंप कर्मी हितेश कुमार बाबा बासुकीनाथ फ्यूल स्टेशन चंद्रदीप (नोनीहाट ) से पेट्रोल पंप का पैसा लेकर इनोवा कार से अपने मालिक को पैसा देने दुमका जा रहा था। हितेश कुमार जैसे ही अमरपुर गांव के समीप सडक पर बने स्पीड ब्रेकर के समीप अपनी गाड़ी को धीरे किया कि अचानक पीछे से आ रहे दो बाइक सवार चार अपराधियों ने कार रोक कर हितेश कुमार से 56,0000 पैसा छिनकर फरार हो गए। घटना की लिखित सूचना रामगढ़ थाना को दे दी गई है।

# PLFI से संबंध रखने के मामले में जिप सदस्य को तीन साल की सजा

**PHOTON NEWS PAKUR**

प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से संबंध रखने के मामले में कोर्ट ने बुधवार को जिला परिषद सदस्य हंजला शेख को तीन साल की कारावास और 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया।

सदर प्रखंड के मनिरामपुर गांव निवासी हंजला शेख को अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी निर्मल कुमार भारती की न्यायालय ने दोषी पाते हुए सजा सुनाई है। मामले में अदालत ने अपर न्यायालय में अपील करने के लिए सशर्त जमानत भी दे दिया है।

उल्लेखनीय है कि हेंजला शेख पर प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया से संबंध रखने और इस संगठन के माध्यम से अशांति फैलाने का दोषी पाया गया है। इस वाद में अभियोजन की तरफ से कुल 12 गवाहों ने गवाही दी। अभियोजन की तरफ से सहायक लोक अभियोजक राजेश लाल एवं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता बोजले अहमद ने पक्ष रखा।

# ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर भारतमाला सड़क निर्माण कार्य को रद्द करने की मांग की



भारतमाला परियोजना के तहत पथ निर्माण को रद्द करने की मांग को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीण। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS GUMLA**

आदिवासी-मूलवासी किसान मजदूर संघर्ष समिति के बैनर तले ग्रामीणों ने बुधवार को कामडारा ब्लॉक परिसर पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित कर प्रस्तावित भारतमाला परियोजना के तहत पथ निर्माण को रद्द करने की मांग रखी।

जानकारी के मुताबिक यह धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आदिवासी-मूलवासी किसान मजदूर संघर्ष समिति के संयोजक अजीत गुड़िया के नेतृत्व पर आयोजित की गई थी । जिसमें मुख्य वक्ता के रुप मे मौजूद कांग्रेस प्रदेश के सचिव रौशन बरवा ने संबोधित कर कहा कि प्रस्तावित भारतमाला परियोजना के तहत पथ का निर्माण उड़ीसा के लिट्टीबेड़ा से लेकर रांची तक बनाया जाना है।इसमें आदिवासियों एवं मूलवासियों का हजारों एकड़ भूमि अधिग्रहित होगी तथा लाखों हरे भरे पेड़ो की कटाई होगी। इससे पर्यावरण को काफी क्षति होगी । इसके अलावे लोगों के आस्था का प्रतीक सरना, मसना,हरगड़ी और कब्रिस्तान भी उजाड़ होगा। वहीं नये पथ के बनने से सरकार को राजस्व का अतिरिक्त भार पड़ेगा, जिसे देखते हुये ग्रामीणों ने प्रस्तावित भारतमाला सड़क निर्माण कार्य को रद्द करने की मांग रखी है।

आयोजित इस धरना प्रदर्शन कार्यक्रम के उपरांत ग्रामीणों ने आदिवासी-मूलवासी किसान मजदूर बचाव संघर्ष समिति के बैनर तले कामडारा सीओ दीप्ति प्रियंका कुजूर को महामहिम राज्यपाल के नाम पर दस सूत्री मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया।

# गोमिया चौक पर हुए अतिक्रमण की हुई मापी



मापी करेत अधिकारी। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS BOKARO**

गोमिया अंचलाधिकारी संदीप अनुराग टोपनो के निर्देश पर बुधवार 14 जून को अंचल कार्यालय के कर्मचारियों ने गोमिया मोड़ से पुराना सिनेमा हॉल तक सड़क के दोनों ओर दुकानदारों व मकान मालिकों द्वारा किये गये अतिक्रमण की मापी की गई। इस दौरान गोमिया-कथारा रोड में बने दुकानों और आवासों की नापी कर चिह्नित किया गया।

अंचल के प्रभारी सीआई लालमोहन दास ने बताया कि अंचलाधिकारी के निर्देश पर गोमिया-कथारा रोड में अतिक्रमण को लेकर नापी की जा रही है। कहा कि गोमिया-तेनुघाट-कथारा रोड पर अवैध रूप से किये जा रहे अतिक्रमण के कारण आमजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. इसी को लेकर अंचल कार्यालय द्वारा मापी की जा रही है।

# मारवाड़ी युवा मंच के शिविर में आठ लोगों ने किया रक्तदान




रक्तदान करती महिला व उपस्थित अन्य। ● द फोटोन न्यूज

**KHUNTI :** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच की खूंटी नगर शाखा के सौजन्य से बुधवार को सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मंच के पूर्व अध्यक्ष उदय लाल भाला ने किया। शिविर में आठ लोगों ने रक्तदान किया। मौके पर पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि कोरोना काल के बाद लोगों में रक्तदान के प्रति जागरुकता बढ़ी है। मंच की ओर से आयोजित शिविरों में रक्तदाताओं की संख्या बढ़ी है। मंच के अध्यक्ष अंकित जैन ने बताया कि कोई भी स्वस्थ व्यक्ति एक वर्ष में चार बार रक्तदान कर सकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष अंकित जैन एवं सचिव मुकुल पीपुरिया ने सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार प्रकट किया। शिविर को सफल बनाने में रक्तदान संयोजक विशाल जैन,पूर्व अध्यक्ष उदय लाल भाला,अखिल सरावगी आदि ने योगदान दिया।

# चाईबासा : योजना में अनियमितता, सड़क निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को कम दी जा रही मजदूरी



न्याय की आस लगाये मजदूर व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA**

खूंटपानी प्रखण्ड अंतर्गत दोपाई पंचायत, छोटा लागिया गांव में डीएमएफटी मद से 210 मीटर पीसीसी सड़क का निर्माण कार्य में ठेकेदार हंसराज ईन्टरप्राजेज द्वारा अनियमितता बरती जा रही है। इसकी सूचना छोटा लागिया के ग्रामीणों ने कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष सकरी दोगों को दी तो वे टीम का गठन कर योजना का औपचारिक निरीक्षण किया। निरीक्षण करने के दौरान पाया कि उक्त योजना का शिलापट्ट में न तो प्राक्कलित राशि और न ही देय मजदूरी दर का उल्लेख किया गया है।

इसके कारण मजदूरों की मजदूरी भी कम दी जा रही है। गुणवत्ता में भी बहुत खामियां हैं। बिना खोदे ही गिट्टी डाला गया है। मजदूरी दर 320 रुपये दी रही है। सकरी दोंगो ने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि उक्त समस्या का समाधान जल्दी कराया जाएगा मजदूरी दर और गुणवत्ता में किसी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मौके पर कांग्रेस प्रखण्ड महासचिव रेंगो पूर्ति, अजीत कान्डेयांग, अशोक मुन्डरी, सकरी दोंगो, नारायण कान्डेयांग, ग्रामीण मुण्डा, दुरू मुन्डरी एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# अवैध खनन और परिवहन पर हर हाल में रोक लगाएं : उपायुक्त



बैठक करते उपायुक्त शशि रंजन व अन्य अधिकारी। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS KHUNTI**

उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला खनन टास्क फोर्स की हुई बैठक अवैद्य खनन को रोकने के निर्देश दिये गये। मौके पर पूर्व में इस दिशा में संबंधित अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने पदाधिकारियों को जिले में अवैद्य खनन के स्थलों को चिह्नित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

उन्होंने जिला टॉस्क फोर्स को निर्देश दिया कि अवैद्य तरीके से खनिज पदार्थों के खनन, परिवहन और पेडों की. कटाई पर रोक लगाने की दिशा में कार्रवाई करें। बैठक में बताया गया कि खूंटी जिले में इस वित्तीय वर्ष में अब तक बालू के संबंध में 15 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। सात अभियुक्तों के खिलाफ नामदर्ज प्राथमिकती के साथ ही 23 वाहनों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पांच वाहनों से नियमानुसार दण्ड की राशि वसूल की गई है। जिले में अवैध खनन कें मामले में 23.40 लाख रु की वसूली हुई है। बताया गया है। कि दस जून से सभी बालू घाटों और नदियों से बालू उत्खान पर रोक दला दी गई है।

उपायुक्त ने सभी अंचलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि थाना प्रभारियों से समन्वय स्थापित कर अवैध खनन के विरूद्ध कार्रवाई करें।

# लचरागढ़ साप्ताहिक बाजार में चोरी, डकैती एवं अपराध नियंत्रण के लिए चला वाहन चेकिंग अभियान



वाहन चेकिंग के दौरान पकड़े गये लोगों से उठक बैठक कराते अधिकारी। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS SIMDEGA**

कोलेबिरा के लचरागढ़ साप्ताहिक बाजार में चोरी, डकैती व अपराध नियंत्रण को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। कोलेबिरा थाना प्रभारी प्रभात कुमार के निदेर्शानुसार एसआई अनिरुद्ध पासवान के नेतृत्व में बाजार परिसर में बाइक एवं चार पहिया वाहनों की जांच की गई। इस दौरान ट्रिपल लोडिंग रहे वाहन चालकों को बीच बाजार में ही उठक-बैठक कराकर सड़क नियमों का अनुपालन करने की सख्त हिदायत दी गई। बता दें कि कुछ दिनों पूर्व इसी सप्ताहिक बाजार में एक लाख की चोरी की घटना घटी थी।

मौके पर अनिरुद्ध पासवान ने कहा कि सिमडेगा डीसी एवं एसपी सौरभ कुमार के निदेर्शानुसार सिमडेगा जिला के सभी प्रखंडों के पुलिस पदाधिकारी सड़क सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण को लेकर वाहन चेंकिंग अभियान चला रहे हैं। इस दौरान बाइक चालकों के हेलमेट, कागजात , ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस आदि की जांच की जा रही है। इस दौरान वाहन चालकों से ट्रैफिक नियम का पालन करने और शराब पीकर वाहन नहीं चलाने की हिदायत दी गई। साथ में वाहन का कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस पास में रखने को कहा गया। इस दौरान बाइक और कार की डिक्की खोलकर उसकी जांच की गई। मौके पर कई वाहनों के चालान भी काटे गए।

## Lal Gunendra Nath Shahdev की अध्यक्षता में राजपरिवार और ग्रामीणों की बैठक संपन्न

# जरियागढ़ में पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ रथयात्रा निकालने का निर्णय



बैठक में शामिल जरियागढ़ राजपरिवार के सदस्य व ग्रामीण। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS KHUNTI**

जरियागढ़ राजपरिवार और ग्रामीणों की बुधवार को गढ़ परिसर में राजपरिवार समिति के अध्यक्ष लाल गुणेंद्र नाथ शाहदेव की अध्यक्षता में हुई बैठक में 20 जुलाई को भव्य और पारंपरिक ढंग से रथयात्रा निकालने का और मेला आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि मौसीबाड़ी का निर्माण राजपरिवार और ग्रमीणों के सहयोग से पुराने स्थान पर कराया जाएगा। जब तक ने मोसी बाड़ी का निर्माण नहीं हो जाता, जब तक तीनों विग्रहों को पुजारी रवि महाराज के घर में रखने का निर्णय लिया गया। प्रसाद की व्यवस्था राज परिवार की ओर से की जाएगी।

बैठक में लाल सत्येंद्र नाथ शाहदेव, लाल प्रेमेंद्र नाथ शाहदेव, धर्मेंद्र नाथ शाहदेव, गिरेंद्र नाथ शाहदेव, राघवेंद्र नाथ शाहदेव, ध्रुवेंद्र नाथ शाहदेव, लाल विजय नाथ शाहदेव, दिलीप कुमार गुप्ता सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## मन का मिलन पखवाड़ा जागरुकता अभियान का खूंटी में हुआ समापन

**KHUNTI :** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में बुधवार को डालसा सभागार भवन और सभी प्रखंडों में मध्यस्थता पर आधारित मन का मिलन पखवाड़ा जागरुकता अभियान का समापन हुआ।

डालसा के अध्यक्ष सत्य प्रकाश ने कहा कि झालसा रांची के निर्देशन में 29 मई से 14 जून तक मन का मिलन पकवाड़ा चलाया गया, जिसमें मध्यस्थता के माध्यम से सभी प्रकार के मामलों का निष्पादन डाालसा द्वारा किया गया। कुल 14 आवेदनों के माध्यम से आए मामलों का त्वरित समाधान किया गया, जिसमें अधिकतर मामले पारिवारिक विवाद एवं जमीन संबंधित मामले थे।

सत्य प्रकाश ने कहा कि मध्यस्थता से निकाला गया समाधान विवाद को जड़ से समाप्त कर देता है और धन तथा समय के साथ मानसिक त्रास से दोनों पक्षों को मुक्ति मिलती है। यह न्यायालय पर अतिरिक्त बोझा को भी खत्म करता है। उन्होंने कहा कि पखवाड़ा भले आज समाप्त किया गया, लेकिन लोग कभी भी अपने मामलों का निष्पादन डालसा में करा सकते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा के सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि इस पखवाड़े के दौरान लोगों ने अपने लंबित पुराने और नए मामले तथा वाद पूर्व मामलों का निष्पादन आपसी सहमति के आधार पर मध्यस्थता के माध्यम से कराया। कुछ परिवार टूटने से बचा, तो कहीं जमीन विवाद का निपटारा हुआ। लगभग तीन सौ से अधिक लोग डालसा पहुंचकर अपने मामलों के बारे में कानूनी सलाह और सहायता ली।

## BRIEF NEWS

### साहिबगंज में हथियार के साथ युवक गिरफ्तार



गिरफ्तार युवक व जानकारी देती पुलिस। ● द फोटोन न्यूज

**SAHIBGANJ :** मुफस्सिल थाना पुलिस ने एक युवक को दो देसी कट्टा व 14 कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। जिरवाबाड़ी ओपी में सदर एसडीपीओ राजेंद्र दूबे ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि लालमाटी गांव से एक अपराधी महादेवगंज निवासी धर्मेंद्र यादव को गिरफ्तार गया। उसके पास से दो देसी कट्टा, 14 कारतूस व एक खोखा बरामद हुआ। मामले में कांड संख्या 139/23 दर्ज किया गया है। आरोपित का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। धर्मेंद्र कांड संख्या 232/11 के तहत हत्या के मामले में पूर्व में जेल जा चुका है।

### कुएं से आठ माह के शिशु का शव बरामद

**GIRIDIH :** जमुआ प्रखंड के नोक्डीहा ओपी थाना क्षेत्र में आठ माह के शिशु को चुराकर हत्या करने का मामला बुधवार को प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार नवडीहा ओपी क्षेत्र के सियाटाड़ गांव में कुंदन वर्मा की पत्नी अपने आठ माह के बच्चे के साथ मंगलवार की रात घर की छत पर सोई थी। इस दौरान आधी रात में मां की अचानक नींद खुली तो देखा की बच्चा उसके पास नहीं है। इसकी जानकारी उसने परिजनों को दी। इसके बाद बच्चे की खोजबीन शुरू हुई। इस दौरान बुधवार को पता चला कि पास के कुएं में एक बच्चे का शव तैर रहा है। सूचना पर परिवार के लोग कुएं के पास गए। ग्रामीणों ने बच्चे के शव को कुएं से बाहर निकाला। शव की शिनाख्त कुंदन के बच्चे के रूप में हुई। घटना के बाद पूरे गांव के लोगों में रोष व्याप्त है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस का कहना है कि किसी ने दुश्मनी में इस तरह की घटना को अंजाम दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

### खूंटी में रात्रि क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**KHUNTI :** बिरसा कॉलेज स्टेडियम में 15 से 18 जून तक रात्रि क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। टूनार्मेंट में 16 टीम भाग लेगी। फाइनल मैच जीतने वाली टीम को 60 हजार रुपये का नकद पुरस्कार के अलाव ट्रॉफी दी जाएगी। उपविजेता टीम को 30 हजार नगद और ट्रॉफी पुरस्कार के रूप में दिये जाएंगे। इस टूनामेंट में रांची और खूंटी टेनिस बॉल के सेलेक्टर भी आएंगे,जो खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करेंगे, उन्हें जिला और राज्य स्त पर खेलने का मौका मिल गया। यह जानकारी रात्रि क्रिकेट टूनार्मेंट के आयोजकर्ता अरकम हुसैन ने दी। आयोजन को सफल बनाने को लेकर बुधवार को हुई बैठक में विचार विमर्श किया गया।

### टास्क फोर्स की कार्रवाई में पत्थर और कोयला जब्त

**GIRIDIH :** गिरिडीह टास्क फोर्स ने बुधवार को अवैध कारोबार के खिलाफ तीन थाना इलाके में ताबड़तोड़ छापेमारी किया। इसमें दस टन कोयला के साथ एक कार्टेज पत्थर लोड गाड़ी को जब्त किया। साथ ही बेंगाबाद और ताराटांड़ थाना इलाके में ही बालू लोड दो ट्रैक्टर को भी जब्त किया। इस दौरान डीएमओ सतीश नायक के साथ एसडीपीओ अनिल सिंह, मुफ्फसिल थाना प्रभारी कमलेश पासवान समेत कई पुलिस अधिकारी और जवान शामिल थे। मुफ्फसिल थाना इलाके के बराकर नदी के समीप हुए कार्रवाई के दौरान पत्थर लोड ट्रक को जब्त किया गया, जबकि अवैध कोयला लोड कई बाइक भी जब्त किया गया। बाइक में करीब सात टन कोयला लोड बताया जा रहा है। बेंगाबाद और ताराटांड़ थाना पुलिस ने कार्रवाई के दौरान दो बालू लोड ट्रैक्टर को जब्त किया है। जिला खनन अधिकारी सतीश नायक अब पता लगाने जुटे हुए है की पत्थर लोड ट्रक का मालिक कौन है और पत्थर किस इलाके से निकाल कर कहा पहुंचाया जा रहा था। बालू लोड ट्रैक्टर के मालिक का मालिक का नाम भी जिला खनन अधिकारी पता लगाने में जुटे हुए हैं।

### धनबाद : वासेपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन

**DHANBAD :** विश्व रक्तदान दिवस के मौके पर बंगाली वेलफेयर सोसाइटी और समाजसेवी मुख्तार अहमद के संयुक्त तत्वावधान में वासेपुर के निशात नगर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का उदघाटन बैंक मोड़ के थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय ने फीता काटकर किया. शिविर में पहुंचे 41 महिला परुषों ने रक्तदान किया. इस दौरान समाजसेवी मुख्तार अहमद ने कहा कि संग्रहित रक्त को एसएनएमएमसीएच के ब्लड बैंक में जमा किया जाएगा, ताकि जरूरतमंद को आसानी से रक्त उपलब्ध हो सके. शिविर में जूली परवीन, तनवीर आलम, हाजी जमीर आरिफ, रजा अहमद, आमिश खान, बंगाली वेलफेयर सोसाइटी के गोपाल भट्टाचार्य, नारायण रॉय चौधरी, ब्लड बैंक के एचओडी एके सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे.

### मनोहरपुर : जोजोगुटू में आंधी तूफान से दर्जनों घर क्षतिग्रस्त, पेड़ गिरने से मार्ग बाधित

**MANOHARPUR :** बीती मंगलवार देर शाम तेज बारिश व आंधी तूफान में दर्जनों पेड़ गिर गए. पेड़ गिरने और आंधी तूफान से प्रखंड के रोंगों, जोजोगुटू गांव में करीब दस-बारह घरों को नुकसान पहुंचा है. वहीं विशालकाय पेड़ गिरने के कारण मनोहरपुर, जोजोगुटू व पोसैता मार्ग घंटों बाधित रहा. बुधवार सुबह ग्रामीणों के मदद से पेड़ को हटाया गया. इसके बाद मनोहरपुर जोजोगुटू व पोसैता मार्ग में आवागमन शुरू हुआ. आंधी तूफान से क्षतिग्रस्त हुए घरों के परिवार हताश और परेशान हैं. इस आपदा से पीड़ित परिवार के लोगों ने स्थानीय प्रशासन से राहत एवं उचित क्षतिपूर्ति मुआवजा देने की मांग की है.

### ईंट भट्ठा में काम करने गई महिला के साथ मारपीट

**SIMDEGA :** पटना ईंट भट्ठा में काम करने गई महिला के साथ मारपीट की घटना हुई है. घायल महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा में भर्ती कराया गया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला के मालसाड़ा निवासी बिरासिनी देवी ईंट भट्ठा में काम करने मालसाड़ा से पटना गई हुई थी. जहां कुछ अपराधियों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया, जिससे उसे अंदरूनी चोट लगी है. उसका इलाज सदर अस्पताल सिमडेगा में चल रहा है. महिला ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग.

### वर्तमान शिक्षा नीति से छात्रों को मिलेगा रोजगार : प्रो. स्वामी

**DHANBAD :** राज्यपाल के एकेडमिक एडवाइजर ई बालागुरु स्वामी और ओएसडी (ज्यूजुडिशियल) मुकुल एस चंद्र नारायण ने 14 जून को बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद के नए कैंपस पहुंचे कर एकेडमिक गतिविधियों का जायजा लिया. इस अवसर पर दोनों अधिकारियों ने विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारियों, शिक्षकों, संकायाध्यक्षों के साथ बातचीत की. इसके बाद विवि में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो स्वामी ने कहा कि पहले की शिक्षा नीति रोजगार परक नहीं थी. वर्तमान शिक्षा नीति से छात्रों को रोजगार मिलेगा और बेरोजगारी का अंत होगा. उन्होंने संस्थान में जीरो करप्शन और ईमानदारी लाने, नियम व कानून के ऊपर अंतःचेतना को जागृत कर नैतिक और चरित्रवान बनने की बात कही. उन्होंने शिक्षकों को विश्लेषणात्मक और संख्यात्मक प्रश्न तैयार करने की सलाह दी ताकि विद्यार्थियों में तर्क क्षमता, निर्णय क्षमता और क्रिएटिव कैपेसिटी का विकास हो सके. शिक्षकों से वनवे टीचिंग को त्याग कर इंटरेक्शन को बढ़ाने की सलाह दी. इस अवसर पर कुलपति प्रो डॉ शुकदेव भोई के साथ सभी पीजी हेड्स, डीन, बीबीएमकेयू के सभी अधिकारी, अंगीभूत और संबद्ध कॉलेज के प्राचार्य उपस्थित थे।

# औषधि केंद्र खोलने को आवेदन की प्रक्रिया शुरू

## अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित



**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** स्वास्थ्य विभाग, झारखंड सरकार द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर दवा दुकान / औषधि केन्द्र खोला जाना है। इच्छुक व्यक्ति को विहित प्रपत्र में आवेदन करना होगा। आवेदक की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता इंटरमीडिएट या उसके समकक्ष होनी चाहिए, दवा दुकान खोले जाने वाले स्थान का प्लॉट नंबर, खाता नं, क्षेत्रफल ( 10 वर्ग मीटर), कार्य का अनुभव (यदि हो), निर्धारित नियमानुकूल शुल्क (1000 रूपए) के साथ, xlnindia.gov.in पर आवेदन करेंगे। संबंधित गांव के स्थायी निवासी तथा स्वयं के स्वामित्व वाले दुकान के आवेदक को प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदक को सर्वप्रथम पंचायत स्तर पर पंचायत सचिव / मुखिया द्वारा अनुशंसा करानी होगी, तत्पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं औषधि निरीक्षक द्वारा अनुशंसा के उपरांत xlnindia.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

**प्रमुख तिथि**

1. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथिः 30 जून.
2. पंचायत सचिव / मुखिया द्वारा अनुशंसा के उपरांत प्रखंड विकास पदाधकारी को अग्रसारित करने की तिथि- 08 जुलाई.
3. प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं औषधि निरीक्षक द्वारा संयुक्त अनुशंसा की अंतिम तिथि - 18 जुलाई.
4. अनुज्ञप्ति निर्गत करने की अंतिम तिथि- 30 जुलाई.

# MGM : बड़ा हादसा टला सर्जरी भवन का छज्जा गिरा

## इलाज कराने आए व्यक्ति की मोटरसाइकिल की टंकी क्षतिग्रस्त

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) मेडिकल कालेज अस्पताल में बुधवार को एक बड़ा हादसा होने से टल गया। दरअसल, एमजीएम अस्पताल के सर्जरी भवन का छज्जा अचानक से टूट कर गिर गया। संयोग अच्छा था कि उसके नीचे कोई खड़ा नहीं था। अन्यथा कुछ भी हो सकता था। ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड के जवानों का कहना है कि जहां छज्जा टूट कर गिरा है वहां कुछ देर पूर्व ही एक मरीज अपना मोटरसाइकिल खड़ा कर इलाज कराने गया था। आकर देखा तो उसके गाड़ी का टंकी क्षतिग्रस्त हो गया है। मालूम हो कि एमजीएम अस्पताल का भवन जर्जर हो

- भवन को मरम्मतीकरण को लेकर विभाग को लिखा गया पत्र

चुका है। चारों तरफ टूट कर गिरा रहा है। कुछ दिन पूर्व भी ए ब्लॉक का छज्जा टूटकर गिर गया था, जिसमें तीन मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गया था। एमजीएम अधीक्षक डा. रविंद्र कुमार ने बताया कि भवन को मरम्मतीकरण को लेकर विभाग को पत्र लिखा गया है। ताकि मरीजों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। वर्तमान में अधीक्षक ने होमगार्ड के जवानों को निर्देश दिया है कि जर्जर वाले भवन की ओर मरीजों को जाने से रोका जा सकें।



नीचे गिरा छज्जे का मलबा • फोटोन न्यूज

# जमशेदपुर में खुलेंगी छह पॉलीक्लीनिक

## डॉक्टरों को रोजाना मिलेंगे 3500 रुपये



**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** जमशेदपुर शहर में छह पॉली क्लीनिक खोलने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए छह चिकित्सकों की नियुक्ति होगी। नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर सिविल सर्जन डा. जुझार माझी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई है, जो 19 जून को इंटरव्यू लेगी। इंटरव्यू पास करने के बाद इन चिकित्सकों की नियुक्ति की जाएगी। एक चिकित्सक को रोजाना 3500 रुपये मिलेगा। इन चिकित्सकों की सेवा आन द कॉल ली जाएगी। जहां जरूरत होगा वहां इन्हें बुलाया जाएगा। अभ्यर्थी के पास भारतीय चिकित्सा पर्षद से मान्यता प्राप्त मेडिकल कॉलेज से संबंधित विषयों में स्नातकोत्तर की डिग्री अथवा डिप्लोमा जैसे एमडी, एमएस, डीएनबी, एमसीएच, डीएम की डिग्री और चिकित्सक के रूप में एमसीआई/एनएमसी से निबंधित होना जरूरी है। बहाल होने वाले चिकित्सकों की कार्य की अवधि और कार्य दिवस सरकार के निदेर्शानुसार होगा। चयन समिति के निर्णय के अनुसार, डिग्रीधारी अभ्यर्थियों को अतिरिक्त वेटेज मिलेगा। वहीं, मानदेय में टीडीएस की भी कटौती होगी। इसमें भाग लेने के लिए आवेदक परसुडीह स्थित सिविल सर्जन कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# सीएसआईआर-एनएमएल में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## प्रतिभागियों ने 'इंजीनियरिंग मिश्र धातुओं में मेटलोग्राफी का किया अभ्यास'

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला, जमशेदपुर में बुधवार को 'इंजीनियरिंग अलॉयज में मेटलोग्राफी प्रैक्टिसेज पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गयो कार्यक्रम का आयोजन 14 से 16 जून तक चलेगो इस दौरान प्रतिभागियों को तकनिक के बुनियादी सिद्धांतों से लेकर उसके अध्ययन और प्रदर्शनों तक की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जायेगी। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सेल, बोकारो स्टील प्लांट के प्रतिभागी शामिल हुए है। इस दौरान सभी प्रतिभागी सीएसआईआर-एनएमएल की विशेषज्ञता और अत्याधुनिक सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे साथ ही कार्यशाला में प्रतिभागियों को स्टील्स के संरचनात्मक लक्षण की जानकारी प्रदान की जायेगी। विभिन्न प्रासंगिक मानकों के लिए एक संक्षिप्त अनुकूलन भी दिया जाएगा जो ऑन-साइट पर इस्पात उत्पादों की गुणवत्ता का आकलन करते समय दिशानिदेर्शों के रूप में कार्य कर सकता है। इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह एनएमएल के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. संदीप घोष चौधरी ने की इस अवसर पर कार्यक्रम के शुरूआत में मैटेरियल्स इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख के स्वागत भाषण से हुओ मुख्य वैज्ञानिक डॉ. संदीप घोष ने संयंत्र स्थल पर गुणवत्ता मूल्यांकन सुधार के संदर्भ में कार्यक्रम के महत्व का संक्षेप में वर्णन किया। इसके बाद प्रतिभागियों के साथ एक परिचय सत्र आयोजित किया गया जिसका संचालन वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक, सामग्री अभियांत्रिकी प्रभाग डॉ. मैनक घोष, और उद्घाटन प्रधान वैज्ञानिक, सामग्री इंजीनियरिंग प्रभाग डॉ. वी. रजनीकांत ने की



प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल बोकारो स्टील प्लांट के प्रतिभागी • फोटोन न्यूज

# शहर के थानों पर अवैध वसूली का आरोप यूथ कांग्रेस ने एसएसपी से की शिकायत

## यूथ कांग्रेस के सदस्यों ने कहा-पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट देने के नाम पर कर रही वसूली

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** यूथ कांग्रेस ने जमशेदपुर के अलग-अलग स्थानों में अवैध वसूली करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में यूथ कांग्रेस के सदस्य बुधवार को जिला पुलिस मुख्यालय पहुंचे और वरीय आरक्षी अधीक्षक प्रभात कुमार को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न थानों में की जा रही अवैध वसूली पर अंकुश लगाने की मांग की।

इस संबंध में यूथ कांग्रेस नेता राकेश साहू ने कहा कि जहां एक तरफ रोजगार को लेकर कई युवाओं को पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट की जरूरत पड़ती है वही पुलिस द्वारा सर्टिफिकेट देने के नाम पर मोटी रकम वसूली जा रही है। उनकी मानें तो कई युवाओं ने सेना में बहाली को लेकर पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट के लिए आवेदन दिया था जहां इन लोगों से भी अवैध वसूली की गई है। ऐसे में युवा काफी परेशान है और हम जिले के कप्तान से भ्रष्ट पुलिस पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। यूथ कांग्रेस की ओर से कहा गया कि अगर पुलिस भी इस प्रकार से भ्रष्टाचार करने लगेगी तो आम लोग अपनी शिकायत लेकर किसके पास जाएंगे। वही यह पुलिस पर हाल के दिनों में लगा सबसे बड़ा आरोप है। जहां राज्य के सत्ता में आती कांग्रेस पार्टी से जुड़े एक संगठन की ओर से पुलिस थानों पर सीधे अवैध वसूली का आरोप लगाया गया है।

ऐसे में देखना होगा कि पुलिस का आला अधिकारी आरोपों का संज्ञान किस प्रकार से लेते हैं और इस मामले में क्या कार्रवाई करते हैं।



एसएसपी ऑफिस में यूथ कांग्रेस के सदस्य • फोटोन न्यूज

# आनंदमार्ग ने किया एमजीएम में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** रक्तदान महादान है और इस महायज्ञ में हम सभी को बढ़-चढ़कर भाग लेने की जरूरत है। वैसे जमशेदपुर पूरे देश में एक ऐसा जिला है जहां सबसे ज्यादा रक्तदाता हैं। आनंद मार्ग द्वारा एमजीएम ब्लड बैंक में एकदिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर लोगों ने बढ़चढ़ कर शिविर में हिस्सा लिया। इस अवसर पर संस्था आनंद मार्ग के पदाधिकारी सुनील आनंद ने लोगों से अपील किया कि लोग ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करें ताकि जरूरतमंदों को रक्त मिल सके। संस्था ने बताया कि एमजीएम ब्लड बैंक एक ऐसा ब्लड बैंक है जहां कोई प्रोसेसिंग चार्ज नहीं लगता है। साथ ही गरीब व जरूरतमंदो को आसानी से ब्लड मिल जाता है। संस्था ने बताया कि ऐसे में जरूरत है कि सामाजिक संस्थाएं एमजीएम ब्लड बैंक के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करें ताकि जरूरतमंदों को ब्लड समय पर मिल सके जिससे किसी की जिंदगी बचाई जा सके।



रक्तदाता को पौधा देकर सम्मानित करते अतिथि • फोटोन न्यूज

## एमजीएम में बनेगी नई मर्चरी, टाटा कमिंस कराएगी निर्माण

**जमशेदपुर :** एमजीएम में अगले 1 महीने में नई मर्चरी बनकर तैयार हो जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा सीएसआर के तहत मर्चरी लगवाने का काम टाटा कमिंस को दिया गया है जिसके तहत यह मॉचुर्री लगायी जाएगी। वर्तमान में जो मॉचुर्री है उसमें खराबी होने के कारण कई बार शिकायतें प्राप्त हो रही थी जिसको देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा टाटा कमिंस से मदद मांगी गई थी जिसे कंपनी प्रबंधन ने सहर्ष स्वीकार किया। उपायुक्त विजया जाधव ने उक्त कार्य के लिए टाटा कमिंस प्रबंधन को धन्यवाद देते हुए आगे भी जनहित में ऐसे ही सहयोग की अपेक्षा की बात कही है। मालूम हो कि मॉचुर्री खराब होने की वजह से एमजीएम अस्पताल में लगातार हंगामे के मामले सामने आते रहे हैं।

## स्वास्थ्य सचिव का आदेश ठेंगे पर

# कोल्हान के सरकारी अस्पतालों में कोई नहीं पहन रहा गांधी टोपी

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** झारखंड के सरकारी अस्पतालों में ड्रेस कोड लागू कराने को लेकर हाल ही में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने एक निर्देश जारी किया था। इसका पत्र एमजीएम अस्पताल प्रबंधन व सिविल सर्जन कार्यालय को भी मिला था। पत्र के माध्यम से सभी कर्मचारियों के लिए अलग-अलग ड्रेस कोड तय किये गए थे और उसे कोल्हान के सभी सरकारी अस्पतालों में लागू कराया जाना था। इसमें कोल्हान के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एमजीएम सहित तीनों जिला के सदर अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी), उप-स्वास्थ्य केंद्रों शामिल है। पर,

- निगरानी के लिए नियुक्त किया जाना था नोडल पदाधिकारी, एमजीएम से लेकर सीएचसी-पीएचसी तक लागू होनी थी यह व्यवस्था



हकीकत यह है कि इसका अनुपालन कहीं भी नहीं हो रहा है, जो गंभीर विषय है। स्वास्थ्य सचिव के आदेश को ठेंगे पर रखा गया है। दरअसल, अस्पतालों में छह तरह के सेवाएं देने वाले कर्मचारियों के लिए अलग-अलग रंगों में ड्रेस कोड तैयार किए गए हैं। इसमें सबसे ज्यादा चर्चित गांधी टोपी था, जो पहली बार इन कर्मचारियों के ड्रेस कोड में शामिल किया गया है। अस्पताल में तैनात कर्मियों को कहना है कि उन्हें न तो अस्पताल प्रबंधन की तरफ से गांधी टोपी मिला और न ही संबंधित एजेंसी के द्वारा दिया गया है। ऐसे में वे कहां से पहनेंगे। वहीं, एमजीएम प्रबंधन का कहना है कि जल्द ही कर्मचारियों को गांधी टोपी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए संबंधित एजेंसी को भी निर्देश दिया गया है। महिला व पुरुषों के लिए अलग-अलग ड्रेस कोड बनाया गया है। स्वास्थ्य सचिव के पत्र में इसकी निगरानी के लिए नोडल पदाधिकारी भी नियुक्ति की जाने की बात कहीं गई थी लेकिन वह भी नहीं हो सका है।

**पुरुषों के लिए ये ड्रेस कोड लागू होना है**

| | | |
|---|---|---|
| हाउसकीपिंग स्टाफ | : | ब्लू रंग का शर्ट, पैंट, कैनवास के जूते व गांधी टोपी |
| सिक्यूरिटी स्टाफ | : | कथा रंग का शर्ट, पैंट, बेरेट टोपी, काला जूता |
| जनरल स्टाफ | : | ग्रे (स्लेटी) रंग का शर्ट, पैंट, कैनवास के जूते व गांधी टोपी |
| पारा मेडिकल एवं टेक्नीशियन स्टाफ | : | पीला शर्ट, पैंट, कैनवास के जूते, गांधी टोपी व एप्रन |
| आहार स्टाफ | : | हरा रंग का पैंट, शर्ट, कैनवास के जूते व गांधी टोपी |
| लांड्री स्टाफ | : | सफेद रंग पैंट, शर्ट, कैनवास के जूते व गांधी टोपी |

## बेहतर जीवन शैली व खान पान के माध्यम से बीमारियों से बचाव संबंधी किया जायेगा अध्ययन

# जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में शुरू हुआ क्लिनिकल न्यूट्रिशन एंड डायटेटिक्स कोर्स

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** वीमेंस यूनिवर्सिटी में वोकेशनल कार्यक्रमों की एक श्रृंखला है। इनमें से 'क्लिनिकल न्यूट्रिशन एंड डायटेटिक्स' में ग्रेजुएट का कोर्स पूर्ण स्वास्थ्य देखभाल तथा चिकित्सा कार्यक्रमों के एक भाग के रुप में पोषण के लिए चिकित्सकीय (थेराप्यूटिक) उपयोगों से संबंधित है। कुलपति प्रो.(डॉ.) अंजिला गुप्ता ने इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अस्वास्थ्यकर जीवन शैली के बढ़ते प्रभाव ने कई तरह के मेटाबोलिक डिसऑर्डर्स को जन्म दिया है और यही कारण है कि यह पाठ्यक्रम समय की मांग बनकर उभरी है। इसे बेहतर जीवन शैली तथा खान पान के द्वारा विभिन्न तरह की बीमारियों से बचाव से जुड़े वैज्ञानिक तथ्यों एवं ज्ञान से समृद्ध करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस कोर्स से स्नातक करनेवाली छात्राओं में अलग अलग समय और स्थान के लिए उपयुक्त डाइट, व्यक्तियों और समूहों के पोषण, स्पोट्र्स एक्टिविटीज, हेल्थ, वेलफेयर आदि को बढ़ावा देने एवं इन क्षेत्रों में विशेषज्ञ बनने के लिए आवश्यक कौशल विकसित हो पायेगा। जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी क्लिनिकल न्यूट्रिशन एंड डायटेटिक्स में 3 साल का सेमेस्टर वाइज फुल टाइम बीएससी ऑनर्स प्रोग्राम ऑफर करती है।




वीमेंस यूनिवर्सिटी भवन • फोटोन न्यूज

कैरियर प्रॉस्पेक्टस की दृष्टि से इस कोर्स से स्नातक करने के बाद निम्नलिखित रोजगार के आयाम खुलेंगे -

- क्लिनिकल डायटिशियन
- स्पोट्र्स न्यूट्रीसनिस्ट
- पब्लिक हेल्थ न्यूट्रीसनिस्ट
- न्यूट्रीशन एजुकेटर
- वेलफेयर कंसल्टेंट
- व्यक्तिगत पोषण विशेषज्ञ
- खाद्य उद्योग में आहार विशेषज्ञ
- शिक्षाविद
- शोधकर्ता

**आवश्यक योग्यता :** क्लिनिकल न्यूट्रिशन एंड डायटेटिक्स द्वारा पेश किए गए किसी भी करियर विकल्प को चुनने के लिए छात्राओं को विज्ञान संकाय के साथ 10 + 2 स्तर उत्तीर्ण होना चाहिए। इस पाठ्यक्रम के लिए योग्यता न्यूनतम 45% अंकों के साथ 10+2 विज्ञान (जैव विज्ञान/गणित, भौतिकी, रसायन) है।

**कैंपस सुविधाएं :** छात्रावास, अच्छी तरह से भंडारित पुस्तकालय, अच्छी तरह से सुसज्जित प्रयोगशाला, कैंटीन, वाईफाई कनेक्टिविटी

**विशेषताएं :** पेशेवर आहार विशेषज्ञों के साथ नियमित बातचीत, अस्पतालों और खाद्य सेवा संस्थानों का नियमित दौरा, एमजीएम अस्पताल में इंटर्नशिप प्लेसमेंट- छात्राओं को टीएमएच, ब्रह्मानंद नारायण हृदयालय, लाइफ लाइन, मेडिट्रीना अस्पताल, यूनिसेफ, नेस्ले एवं अन्य राज्यों के अस्पतालों में आहार विशेषज्ञ और पोषण विशेषज्ञ के रूप में रखा जाता है।

# 11 केंद्रो पर 27 जून से शुरू होगी यूजी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** कोल्हान विश्वविद्यालय ने एमए, एमएससी व एमकॉम प्रथम सेमेस्टर के परीक्षाओं की तिथि घोषित कर दी है। जारी नोटिफिकेशन के तहत परीक्षाएं 27 जून से शुरू होंगी और 11 जुलाई तक चलेंगी। इसके लिए परीक्षा केंद्रों का निर्धारण कर दिया गया है।

विवि की ओर से कुल 11 परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इसमें एबीएम कॉलेज, बहरागोड़ा कॉलेज, जीसी जैन कॉलेज, महिला कॉलेज चाईबासा, कोआपरेटिव कॉलेज, जेएलएन कॉलेज, केएस कॉलेज सरायकेला, एसबी कॉलेज चांडिल, टाटा कॉलेज चाईबासा, बीडीएसएल महिला कॉलेज घाटशिला व करीम सिटी कॉलेज जमशेदपुर शामिल हैं। यह परीक्षा दो पारियों में ली जाएगी जिसकी पहली पाली सुबह 9:00 बजे से शुरू होकर दोपहर 12:00 बजे तक संचालित होगी जबकि दूसरी वाली दोपहर 1:30 से शुरू होकर शाम 4:30 तक चलेगी। इस परीक्षा में करीब 7000 परीक्षार्थी शामिल होंगे। एडमिट कार्ड परीक्षा शुरू होने से 10 दिन पहले परीक्षार्थी कोल्हान विश्वविद्यालय के वेबसाइट से डाउनलोड कर पाएंगे।



# मणिपुर में शांति बहाली का प्रयास

मणिपुर की राज्य सरकार और केन्द्र सरकार का यह दायित्व है कि वह देशहित में वहां जल्द शांति बहाली करके, फिर से मैतेई व नगा-कुकी समुदाय में आपस में विश्वास बहाली के लिए दूरगामी ठोस रणनीति बनाकर जातीय विद्वेष को समाप्त करने के लिए धरातल पर कार्य करें। वैसे हाल ही में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अपने मणिपुर दौरे के दौरान ठोस पहल की है। भारत के सीमावर्ती पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर का क्षेत्रफल 22,327 वर्ग किलोमीटर है और वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार राज्य की आबादी 2,855,794 है। यह राज्य अपनी विभिन्न विविधताओं को एक सूत्र में पिरोकर संजोकर रखने वाले एक बेहद संवेदनशील राज्य माना जाता है। मणिपुर की सीमाएं उत्तर में नगालैंड और दक्षिण में मिजोरम, पश्चिम में असम के साथ पूर्व में म्यांमार देश से मिलती हैं, जो सामरिक दृष्टि से बेहद अहम है। लेकिन आज चिंताजनक बात यह है कि पिछले कुछ समय से मणिपुर अपने ही निवासियों के द्वारा लगाई गई जातीय अशांति की आग में जल रहा है। मणिपुर में मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा मिलने के बाद आरक्षण समर्थकों व विरोधियों के बीच हंगामा बरपा हुआ है। आरक्षण मिलने के बाद तीन मई 2023 को नगा व कुकी आदिवासियों ने राज्य के दस पहाड़ी जिलों में एकजुटता मार्च निकाल कर मैतेई समुदाय को आरक्षण देने का विरोध दर्ज कराया था। इस दौरान कुछ अराजकतत्वों ने चुराचांदपुर में एंग्लो-कुकी युद्ध स्मारक के गेट के एक हिस्से को जलाकर चिंगारी भड़का दी। इसके बाद पूरा मणिपुर जातीय हिंसा की लपटों में झुलस गया है। हालात इस कदर बिगड़ गए कि सेना को मोर्चा संभालना पड़ा। आज लगभग सवा महीने बाद भी राज्य के हालात पूरी तरह से नहीं सुधरे हैं। इम्फाल-दीमापुर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-2) हाइवे पर आज भी दंगाई कब्जा जमाए हैं। गैस, तेल, दवाई व राशन जैसी आवश्यक वस्तुओं को आम जनमानस तक पहुंचाना सरकार के सामने बड़ी चुनौती बना हुआ है। मणिपुर में मई माह में भड़की हिंसा ने अब तक 105 लोगों के अनमोल जीवन को लील लिया है। हिंसा के चलते 50 हजार 650 से ज्यादा लोग बेघर होकर सरकार द्वारा बनाए 350 राहत शिविरों में रहने के लिए मजबूर हैं। केंद्र सरकार की कोशिश है कि हालात पटरी पर लौटे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 29 मई से 1 जून तक मणिपुर के दंगाग्रस्त क्षेत्रों में दौरा करा किया है। शांति बहाली के लिए धरातल पर जाकर विभिन्न क्षेत्रों में पक्ष व विपक्ष के लोगों से मुलाकात की है। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि दंगाग्रस्त मणिपुर का यह दौरा किसी भी दंगाग्रस्त क्षेत्र में अब तक भारत के गृहमंत्री का सबसे लंबी अवधि का दौरा है। मणिपुर के लोगों को भी उम्मीद है कि अब जल्द ही राज्य में शांति लौटेगी।

# महागठबंधन और मांझी

बिहार की महागठबंधन सरकार में हिन्दुस्तान अवामी मोर्चा (हम) के कोटे से मंत्री संतोष कुमार सुमन के इस्तीफे का सरकार की सेहत पर भले असर न पड़े, मगर इसने सत्तारूढ़ गठजोड़ की मजबूती को लेकर सवाल तो पैदा कर ही दिए हैं। तब तो और, बिहार में महागठबंधन के मुखिया नीतीश कुमार के न्योते पर आगामी 23 तारीख को पटना में विरोधी दलों के कई बड़े नेता जुट रहे हैं। इस महामिलन का एजेंडा स्पष्ट है। ये विपक्षी नेता केंद्र में सत्तारूढ़ एनडीए के खिलाफ अगले आम चुनाव में एक मजबूत महागठजोड़ खड़ा करना चाहते हैं। मगर उनके भीतर के अंतर्विरोध कितने जटिल हैं, संतोष सुमन का इस्तीफा इसकी एक बानगी है। हालांकि, संतोष ने इसका कारण जद-यू में हम के विलय का प्रस्ताव बताया है, पर जिस तरह वह नीतीश कुमार की तारीफ कर रहे हैं, उसके निहितार्थ आसानी से समझे जा सकते हैं। अभी चंद रोज पहले ही सुमन के पिता और हम के मुखिया जीतन राम मांझी ने राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात की थी, और तभी से कई तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं। ऐसे में, इस्तीफे का यह एलान अप्रत्याशित नहीं है। दरअसल, जनता दल (यूनाइटेड) बिहार विधानसभा में तीसरे नंबर की पार्टी है, और यह अवश्य चाहेगी कि बिहार की 40 लोकसभा सीटों के बंटवारे के लिए जब वह सहयोगी दलों के साथ बातचीत की मेज पर बैठे, तब उसका दावा कहीं से कमजोर न पड़े, शायद इसीलिए उसने हम को विलय का प्रस्ताव दिया हो, ताकि साथी दलों तक यह संदेश पहुंचे कि जद-यू का आकर्षण मंद नहीं पड़ा है। जद-यू को पिछले आम चुनाव में महज तीन पार्टियों के बीच सीटों की साझेदारी करनी पड़ी थी। भाजपा और उसके खाते में 17-17 सीटें आई थीं, जबकि लोक जनशक्ति पार्टी को छह सीटें हासिल हुई थीं। दिलचस्प यह है कि जद-यू ने तब 16 सीटें जीत ली थीं। अब उसके लिए केंद्र से लेकर सूबे तक की राजनीति बदल चुकी है। मुश्किल यह है कि महागठबंधन में उसे राजद, कांग्रेस, वाम मोर्चा के साथ न सिर्फ बेहतर तालमेल बिठाना है, बल्कि अपनी सीटों को भी बचाना है। ऐसे में, पिछली बार महागठबंधन के तहत तीन लोकसभा सीटों पर लड़ने वाली हम पार्टी के विलय कराने की मंशा समझी जा सकती है। जाहिर है, जीतन राम मांझी भी इसे बखूबी समझ रहे हैं।

# आप करें रक्तदान, दूसरों की बचाएं जान

ANALYSIS



योगेश कुमार गोयल

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार रक्तदान करने से शरीर को किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं होता बल्कि रक्तदान से तो शरीर को कई फायदे ही होते हैं। जहां तक रक्तदान से संक्रमण की बात है तो सभी स्वास्थ्य केन्द्रों द्वारा रक्त लेते समय विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा तय मानक तरीके अपनाए जाते हैं, इसलिए संक्रमण का कोई खतरा नहीं होता। 18 साल से अधिक उम्र का शारीरिक रूप से स्वस्थ कम से कम 45 किलोग्राम से अधिक वजन का कोई भी व्यस्क स्वेच्छा से कम से कम तीन माह के अंतराल पर साल में तीन-चार बार रक्तदान कर सकता है। कुछ लोगों को रक्तदान के समय हल्की कमजोरी का अहसास हो सकता है किन्तु यह चंद घंटों के लिए अस्थायी ही होता है। इसके उलट रक्तदान के फायदों की चर्चा करें तो रक्तदान करते रहने से खून की प्राकृतिक रूप से सफाई होती है और रक्त कुछ पतला हो जाने से खून में थक्के नहीं जमते, जिससे हार्ट अटैक की संभावना बेहद कम हो जाती है।

रक्तदान को समस्त विश्व में सबसे बड़ा दान माना गया है, क्योंकि रक्तदान ही है, जो न केवल किसी जरूरतमंद का जीवन बचाता है बल्कि जिंदगी बचाकर उस परिवार के जीवन में खुशियों के ढेरों रंग भी भरता है लेकिन विड़म्बना है कि रक्तदान के महत्व को जानते-समझते हुए भी रक्त के अभाव में आज भी दुनियाभर में हर साल लाखों लोग असमय ही काल के ग्रास बन जाते हैं, जिनमें अकेले भारत में ही रक्त की कमी के चलते होने वाली ऐसी मौतों की बड़ी संख्या होती है क्योंकि देश में प्रतिवर्ष करीब चालीस लाख यूनिट रक्त की कमी रह जाती है।

दरअसल रक्तदान के महत्व को लेकर किए जाते रहे प्रचार-प्रसार के बावजूद आज भी बहुत से लोगों के दिलोदिमाग में रक्तदान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान हैं, जैसे रक्तदान करने से संक्रमण का खतरा रहता है, शरीर में कमजोरी आती है, बीमारियां शरीर को जकड़ सकती हैं या एचआईवी जैसी बीमारी हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार रक्तदान करने से शरीर को किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं होता बल्कि रक्तदान से तो शरीर को कई फायदे ही होते हैं। जहां तक रक्तदान से संक्रमण की बात है तो सभी स्वास्थ्य केन्द्रों द्वारा रक्त लेते समय विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा तय मानक तरीके अपनाए जाते हैं, इसलिए संक्रमण का कोई खतरा नहीं होता। 18 साल से अधिक उम्र का शारीरिक रूप से स्वस्थ कम से कम 45 किलोग्राम से अधिक वजन का कोई भी व्यस्क स्वेच्छा से कम से कम तीन माह के अंतराल पर साल में तीन-चार बार रक्तदान कर सकता है। कुछ लोगों को रक्तदान के समय हल्की कमजोरी का अहसास हो सकता है किन्तु यह चंद घंटों के लिए अस्थायी ही होता है। इसके उलट रक्तदान के फायदों की चर्चा करें तो रक्तदान करते रहने से खून की प्राकृतिक रूप से सफाई होती है और रक्त कुछ पतला हो जाने से खून में थक्के नहीं जमते, जिससे हार्ट अटैक की संभावना बेहद कम हो जाती है।



रक्तदान के बाद शरीर में जो नए ब्लड सेल्स बनते हैं, उनमें किसी भी बीमारी से लड़ने की अपेक्षाकृत अधिक ताकत होती है और यह स्वच्छ व ताजा रक्त शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने में मददगार होता है, जिससे न सिर्फ कोलेस्ट्रॉल और रक्तचाप नियंत्रित रहता है बल्कि कैंसर जैसी बड़ी बीमारियों से बचाव, कुछ हद तक मोटापे पर नियंत्रण तथा कई संक्रामक बीमारियों से बचाव होता है। रक्त में आयरन की मात्रा नियंत्रित हो जाने से लीवर की कार्यक्षमता बढ़ जाती है।

जीवनदायी रक्त की महत्ता के मद्देनजर लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से 14 जून 1868 को जन्मे कार्ल लैंडस्टीनर की जयंती पर 14 जून 2004 को रक्तदान दिवस की शुरूआत की गई थी। पहली बार विश्व स्वास्थ्य संगठन, इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रेडक्रॉस तथा रेड क्रिसेंट सोसायटीज द्वारा ह्यरक्तदान दिवसह्ल मनाया गया था, तभी से यह दिन ह्यरक्तदानह्ल के नाम कर दिया गया। विश्व रक्तदान दिवस की शुरूआत का उद्देश्य यही था कि चूंकि दुनियाभर में लाखों लोग समय पर रक्त न मिल पाने के कारण मौत के मुंह में समा जाते हैं, अतः लोगों को रक्तदान करने के लिए जागरूक किया जाए। हमारे शरीर में शरीर के कुल वजन का करीब सात फीसदी रक्त होता है और अगर हम उसमें से तीन फीसदी भी दान कर दें तो भी स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या नहीं होती।

वैसे विश्व स्वास्थ्य संगठन के निदेर्शानुसार एक बार में किसी भी व्यक्ति का एक यूनिट अर्थात 450 मिलीलीटर से अधिक रक्त नहीं लिया जा सकता और इस रक्त की पूर्ति हमारा शरीर खुद ही 2-3 दिनों में ही कर लेता है। रक्तदान के बाद प्राप्त रक्त से आवश्यकतानुसार लाल रक्त कणिकाएं, प्लेटलेट्स, प्लाज्मा और क्रायोप्रेसिपिटेट अलग कर मरीजों के लिए उपयोग किए जाते हैं। आरबीसी का उपयोग रक्त लिए जाने के 42 दिन बाद तक किया जा सकता है जबकि प्लेटलेट्स सिर्फ पांच दिन के अंदर उपयोग की जा सकती हैं।

रक्तदान करते समय कुछ महत्वपूर्ण बातों का ध्यान अवश्य रखा जाना चाहिए, तभी आप द्वारा किया गया रक्तदान सार्थक होगा। आपको एड्स, मलेरिया, हेपेटाइटिस, अनियंत्रित मधुमेह, किडनी संबंधी रोग, उच्च या निम्न रक्तचाप, टीबी, डिप्थीरिया, ब्रोंकाइटिस, अस्थमा, एलर्जी, पीलिया जैसी कोई बीमारी हो तो रक्तदान न करें। माहवारी के दौरान या गर्भवती अथवा स्तनपान कराने वाली महिलाएं रक्तदान करने से बचें। यदि आपको टाइफाइड हुआ हो और ठीक हुए महीना भर ही हुआ हो, चंद दिनों पहले गर्भपात हुआ हो, तीन साल के भीतर मलेरिया हुआ हो, पिछले छह महीनों में किसी बीमारी से बचने के लिए कोई वैक्सीन लगवाई हो, आयु 18 से कम या 60 साल से ज्यादा हो तो रक्तदान न करें। जब भी रक्तदान करें, उससे कुछ समय पहले और कुछ समय बाद तक पर्याप्त पानी पीएं। भोजन में हरी सब्जियां तथा आयरन व विटामिन से भरपूर पौष्टिक आहार लें लेकिन रक्तदान से पहले जंक फूड, अधिक वसायुक्त भोजन के अलावा धूम्रपान, मद्यपान इत्यादि किसी भी प्रकार के नशे का सेवन करने से बचें। शराब पीते हैं तो 2-3 दिन पहले शराब का सेवन बंद कर दें। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार भारत में प्रतिवर्ष एक करोड़ से भी ज्यादा यूनिट रक्त की आवश्यकता पड़ती है किन्तु सिर्फ 75 लाख यूनिट रक्त ही उपलब्ध हो पाता है। यह बेहद चौंकाने वाली स्थिति है और आधुनिक विज्ञान के युग में भी रक्त की कमी के चलते लाखों लोगों की मौतों के मद्देनजर यह नितांत आवश्यक है कि आमजन को रक्तदान के लिए प्रेरित करने और उसके फायदे समझाने के लिए व्यापक स्तर पर जन-जागरण अभियान चलाया जाए।

**लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

# क्यों खालिस्तानी सक्रिय हैं कनाडा में

कनाडा में खालिस्तानी ताकतें भारत और हिन्दुओं के खिलाफ जहर उगल रही हैं। दुख इस बात का है कि मित्र देश होने के बावजूद कनाडा सरकार कुछ नहीं कर रही है। अब ताजा मामले में खालिस्तानियों ने ऑपरेशन ब्लू स्टार की 39वीं बरसी पर निकाली और परेड में पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत इंदिरा गांधी को आपत्तिजनक रूप में दिखाया। बीती 6 जून, को कनाडा के ब्रैम्पटन शहर में खालिस्तानियों ने पांच किलोमीटर लंबी परेड निकाली। इसमें एक झांकी में इंदिरा गांधी की हत्या का सीन दिखाया गया। झांकी में इंदिरा गांधी को खून से सनी साड़ी पहने दिखाया गया है। उनके हाथ ऊपर हैं। दूसरी तरफ दो शख्स उनकी तरफ बंदूक ताने खड़े हैं। इसके पीछे लिखा है-बदला। कनाडा अपने को एक सभ्य देश होने का दावा करता है। पर वहां अलगाववादियों, चरमपंथियों और हिंसा की वकालत करने वाले खुल कर खेल कर रहे हैं। आप इंदिरा गांधी की कुछ नीतियों से असहमत हो सकते हैं, पर यह कोई भी भारतीय सहन नहीं करेगा कि उन्हें आपत्तिजनक तरीके से झांकी में पेश किया जाए। इस सारे घटनाक्रम से भारत स्तब्ध है। इस कट्टरपंथ की सार्वभौमिक तौर पर निंदा होनी चाहिए। पता नहीं क्यूं, प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ विदेशों में जाकर जहर उगलने वाले राहुल अपनी दादी के अपमान पर क्यों नहीं बोल रहे। कनाडा लंबे समय से खालिस्तानियों की गतिविधियों का केंद्र बन चुका है। वहां पर मंदिरों में भी तोड़फोड़ की जाती है। कनाडा का ब्रैम्पटन शहर तो भारत विरोधी गतिविधियों का गढ़ बन चुका है। कनाडा में बार-बार इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। जुलाई 2022 में कनाडा के रिचमंड हिल इलाके में एक विष्णु मंदिर में महात्मा गांधी की मूर्ति को खंडित कर दिया गया था। सितंबर 2022 में कनाडा में स्वामीनारायण मंदिर को कथित खालिस्तानी तत्वों ने भारत विरोधी भित्ति चित्रों के साथ विकृत कर दिया था। पर वहां की पुलिस की काहिली और निकम्मेपन के कारण दोषी पकड़ में नहीं आते। कौन भूल सकता है कनिष्क विमान हादसे को। मांट्रियाल से नई दिल्ली आ रहे एयर इंडिया के विमान कनिष्क को 23 जून 1985 को आयरिश हवाई क्षेत्र में उड़ते समय, 9,400 मीटर की ऊंचाई पर, बम से उड़ा दिया गया था और वह अटलांटिक महासागर में गिर गया था। इस आतंकी हमले में 329 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकांश भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक थे। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो अपनी जिम्मेदारी को निभाने में असफल रहे हैं। वे कथित किसानों के आंदोलन का समर्थन कर रहे थे। तब ट्रूडो कह रहे थे कि ₹कनाडा दुनिया में कहीं भी किसानों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकारों की रक्षा के लिए खड़ा रहेगा।₹ क्या कनाडा की खुफिया एजेंसिया इतनी घटिया हैं कि उन्हें पता ही नहीं है कि वहां पर खालिस्तानी सक्रिय हैं? उन्हें भारत-विरोधी तत्वों पर कठोर एक्शन लेना चाहिए। जस्टिन ट्रूडो 2018 में भारत यात्रा पर आए थे। वे अमृतसर से लेकर आगरा और मुंबई से लेकर अहमदाबाद का दौरा करने के बाद जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिले तो उन्हें कायदे से समझा दिया था कि ₹ भारतधर्म के नाम पर कट्टरता तथा अपनी एकता, अखंडता और संप्रभुता के साथ समझौता नहीं करेगा।₹ उनका इशारा कनाडा में खालिस्तानी तत्वों की नापाक भारत विरोधी गतिविधियों से था। कनाडा की लिबरल पार्टी की सरकार के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो कहने को तो एक उदार देश से हैं। उन्हें भी यह समझ लेना होगा कि भारत भी एक उदार और बहुलतावादी देश है। उनकी उस भारत यात्रा के समय तब तगड़ा हंगामा हो गया था, जब पता चला था कि नई दिल्ली में कनाडा हाई कमीशन ने अपने प्रधानमंत्री के सम्मान में आयोजित एक कार्यक्रम में कुख्यात खालिस्तानी आतंकी जसपाल अटवाल को आमंत्रण भेजा है। अटवाल पर कनाडा में वर्ष 1986 में एक निजी दौरे पर गए पंजाब के मंत्री मलकीत सिंह सिद्धू पर जानलेवा हमला करने का आरोप साबित हो चुका है। कनाडा सरकार की बेवकूफियों के कारण वहां पर खालिस्तानी सक्रिय हैं। ये भारत को फिर से खालिस्तान आंदोलन की आग में झोंकना चाहते हैं। आपको याद होगा कि कनाडा की ओंटारियो विधानसभा ने 2017 में 1984 के सिख विरोधी दंगों को सिख नरसंहार और सिखों का राज्य प्रायोजित कत्लेआम करार देने वालाएक प्रस्ताव भी पारित किया था।इस तरह की गतिविधियों से स्पष्ट है कि कनाडा में भारत के शत्रु बसे हुये हैं। ये खालिस्तानी समर्थक हैं। समझ नहीं आत कि कनाडा सरकार वहां पर खालिस्तानियों पर लगाम क्यों नहीं लगा पा रही है। भारत सरकार इसके चलते कनाडा सरकार से खासी नाराज भी है। भारत इंदिरा गांधी को झांकी में गलत तरीके से दिखाने पर नाराज है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कनाडा को फटकार लगाते हुए कहा, मुझे लगता है कि ये मुद्दा दोनों देशों के संबंधों के लिए सही नहीं है और न ही ये कनाडा के लिए ही ठीक है। अब भारत कनाडा से इतनी तो उम्मीद करेगा ही कि वह खालिस्तानियों को कस दे। एक बात माननी होगी कि कनाडा अराजकता के अंधकार में डूब रहा है। वहां पर तीन साल पहले पाकिस्तान फौज की तरफ से बलूचिस्तान में किए जा रहे जुल्मो-सितम के खिलाफ आवाज उठाने वाली प्रखर महिला एक्टिविस्ट करीमा बलोच की निर्मम हत्या पाकिस्तान की धूर्त और शातिर इंटेलिजेंस एजेंसी आईएसआई ने करवा दी थी। बलोच पाकिस्तान सरकार, सेना और आईएसआई की आंखों की किरकिरी बन चुकी थीं। वह पाकिस्तान सरकार की काली करतूतों की कहानी लगातार दुनिया को बता रही थीं। इसीलिए उसे आईएसआई ने ठिकाने लगा दिया।

## Social Media Corner

सच के हक में...



पिछले 9 वर्षों में भविष्य के सुधार देखे गए हैं, जिससे न केवल 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में सुधार हुआ है, बल्कि हमारे युवाओं में उद्यम की भावना को भी बढ़ावा मिला है। हम ग्रोथ और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए इस दिशा में काम करते रहेंगे।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



भगवान का शुक्र है कि माननीय उच्च न्यायालय की सक्रियता एवं सख़्ती दिखाने से 6 मई 2022 को @DIR_ED ने राज्य में मनरेगा घोटालेबाज आईएएस पूजा सिंघल और सत्ता संरक्षित लूट मंडली के यहां छापामारी हुई, करीब 21 करोड़ नगद एवं बेहिसाब जमीन-जायदाद बरामद/जब्त कर कचरा सफाई अभियान शुरू हुआ। जांच आगे बढ़ी तो खान घोटाला, जमीन लूट घोटाला , टेंडर घोटाला उजागर हुआ। लुटेरों में डर पैदा हुआ। अफसरों-लुटेरों के बारी-बारी पकड़े जाने, जेल जाने से लूट की रफ़्तार धीमी हुई। आगे कई और घोटाले उजागर होता दिखेगा। कई और सेटिंगबाज लुटेरे सरकारी-गैर सरकारी हस्तियां जेल जायेंगी। सोचिये अगर ईडी नहीं आयी होती तो सोरेन परिवार का ये एक्सीडेंटल तानाशाह राजकुमार हेमंत उसी रफ़्तार से लूट करता रहता। तब झारखंड और झारखंडियों की और कितनी बुरी हालत होती?

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# कश्मीर में आतंकियों के 'यारों' पर अब चले तलवार

सालों साल तक आतंकवाद से बेजार रही कश्मीर घाटी में हालात अब पहले से बेहतर हुए हैं। यह सरकार और अमनपसंद लोगों के लिए सुखद तस्वीर है। केंद्र सरकार के अनुच्छेद 370 समाप्त करने के बाद स्थिति में सुधार आया है। बहुत हद तक आतंकवाद का फन कुचलने में भी मदद मिली है। इससे आतंकवाद का आका पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। अब उसने और पाकिस्तान की सरजमीं पर ही सक्रिय आतंकी संगठनों ने अपना फोकस ओवर ग्राउंड वर्कर पर किया है। इनको दहशतगर्दों की मदद के साथ सरहदपार से भेजे जाने वाली ड्रग्स की खेप को खपाने का जिम्मा सौंपा गया है। ऐसा नहीं है कि पड़ोसी मुल्क की इस रणनीति की जानकारी भारत सरकार को नहीं है। भारतीय सुरक्षाबल लगातार ओवर ग्राउंड वर्कर्स को दबोचकर आतंकवाद की रीढ़ की हड्डी तोड़ रहे हैं। मोदी सरकार नौ साल से लगातार आतंकवाद पर प्रहार कर रही है। ऐसा कोई दिन शायद ही गुजरता हो, जब ओवर ग्राउंड वर्कर को दबोचकर सलाखों के पीछे न भेजा जाता हो। दरअसल यह ओवर ग्राउंड वर्कर लश्कर-ए-तैयबा , जैश-ए-मोहम्मद जैसे खूंखार संगठनों के सच्चे यार होते हैं। चंद पैसों के लालच में अपना जमीर बेचकर मददगार बने यह लोग आतंकवादियों से भी ज्यादा खतरनाक होते हैं। इनको कोई आसानी से पहचान नहीं सकता। इनके संक्षेप में ओजीडब्ल्यू संबोधित किया जाता है। यह लोग आतंकवादी वारदात को अंजाम देने के लिए आतंकवादियों के लिए जमीन तैयार करते हैं। यह आतंकियों तक सुरक्षाबलों की सूचनाएं पहुंचाने के साथ ही हथियार, पैसा और सुरक्षित पनाहगाह का बंदोबस्त करते हैं। इसलिए यह बड़ी चुनौती से कम नहीं हैं। कश्मीर घाटी में कुछ समय पहले चिनार कोर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले लेफ्टिनेंट जनरल डीपी पांडेय मानते हैं कि आतंकवाद को जिंदा रखने में ओवर ग्राउंड वर्कर नेटवर्क की भूमिका अहम है। यह आम आदमी की तरह ही रहते हैं, लेकिन इनका मकसद खतरनाक होता है। सामरिक विशेषज्ञों का कहना है कि हाथ में हथियार लिए निर्दोष लोगों को कत्ल करने का मौका तलाश रहे आतंकियों से भी ज्यादा खतरनाक ओवर ग्राउंड वर्कर होते हैं। इस नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करने के बाद ही जम्मू-कश्मीर में स्थायी शांति बहाल हो सकती है। इसके लिए सुरक्षा एजेंसियों, नागरिक प्रशासन और समाज को एकजुट होकर समग्र प्रयास करने होंगे। ओवर ग्राउंड वर्कर के मंसूबों से वाकिफ एजेंसियां इनके नेटवर्क पर लगातार चोट कर रही हैं। इस वजह से कभी इनसे खौफ खाने वाले लोग अब ओवर ग्राउंड वर्कर्स को घास नहीं डालते। आतंकवाद और आतंकियों के इन पोषकों के बारे में सताए गए लोग ही इनके बारे में कहीं न कहीं मुंह खोलने लगे हैं। यह नए लड़कों को गुमराह कर उन्हें मौत के रास्ते पर धकेलते रहे हैं। कुछ समय पहले यह खुलासा हुआ था कि पाकिस्तान के आतंकवादी संगठनों के कमांडरों ने जम्मू-कश्मीर में बचे-खुचे ओवर ग्राउंड वर्कर्स की सूची बनाई है। यह सुखद है कि करीब आठ-दस पहले कश्मीर में ओवर ग्राउंड वर्कर्स की तादाद करीब 6000 थी। सरकारी रिपोर्ट के मुताबिक अब यह आधा से भी कम करीब 2186 बचे हैं। साथ ही लगभग 246 आतंकी हैं। राज्य में सिर्फ लद्दाख संभाग ऐसा है, जहां न आतंकी हैं और उनके ये यार। कुछ समय पहले राज्य पुलिस की अपराध शाखा की एक विभागीय रिपोर्ट मे कहा गया था कि घाटी में सिर्फ गांदरबल अकेला ऐसा जिला है, जहां कोई आतंकी नहीं है, लेकिन वहां 38 ओजीडब्ल्यू सक्रिय हैं। जम्मू संभाग के जम्मू, सांबा व ऊधमपुर जिलों में न कोई आतंकी है और न कोई ओजीडब्ल्यू। लेकिन रियासी, डोडा और रामबन में करीब 370 ओजीडब्ल्यू काम कर रहे हैं।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



-बदलते समय के साथ आज जरूरत रोजगार के नए विकल्पों की है। देश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में समय की जरूरत को ध्यान में रखते हुए नए रोजगारपरक पाठ्यक्रम शुरू भी किए जा रहे हैं। ऐसे संस्थानों ने परंपरागत पाठ्यक्रमों को जारी रखने के साथ ही खुद को अपडेट रखा है। झारखंड के शिक्षण संस्थानों में भी इस ओर ध्यान दिया जाना चाहिए। यह खुशी की बात है कि राज्य के खुला विश्वविद्यालय इस ओर कदम बढ़ा रहा है। राज्य तकनीकी और पारा मेडिकल से संबंधित कोर्स में दिलचस्पी रखने वाले छात्र छात्राओं के लिए यह किसी खुशखबरी से कम नहीं है। झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी रांची फर्स्ट एड काउंसिल आफ इंडिया (एफएसीआई) के सहयोग से दो नए कोर्स को आगामी सत्र से शुरू करने जा रही है। डिप्लोमा इन फर्स्ट एड स्पेशलिस्ट और डिप्लोमा इन जन स्वास्थ्य रक्षक कोर्स की शुरूआत अगले शैक्षणिक सत्र से होगी। इन कोर्स को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए जेएसओयू रांची ने वैधानिक निकायों से अनुमोदन भी प्राप्त कर लिया है। आमतौर पर पारा मेडिकल की पढ़ाई के लिए विभिन्न संस्थानों में छात्र छात्राओं की काफी भीड़ उमड़ती है। ऐसे में जेएसओयू रांची की यह पहल इन छात्र-छात्राओं के लिए राहत भरी होगी। कोर्स पूरा करने वाले छात्रों को स्वास्थ्य सेवाओं और नेशनल हाइवे की मेडिकल टीम से जुड़ने का अवसर मिलेगा। प्राथमिक चिकित्सा शिक्षा का प्रसार करने के लिए फर्स्ट एड काउंसिल आफ इंडिया के साथ सहयोग का बहुत महत्व होगा।

**दयानंद मिश्रा, अध्यक्ष क्षेत्रीय जनविकास परिषद।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# 20 JUNE को निकलेगी रथ यात्रा

## बच्चे बनेंगे राधा-कृष्ण व राम-सीता, निकलेगी भव्य झांकी, इस बार रथ की ऊंचाई होगी 27 फीट

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** शहर के मंदिरों व विभिन्न क्षेत्रों से 20 जून को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा धूमधाम से निकाली जायेगी। इसके लिए शहर में स्थित विभिन्न मंदिरों के पूजा समितियों की ओर से तैयारी लगभग पूरी हो गयी है। कोरोना के चलते पिछले 3 वर्षों तक रथ यात्रा नहीं निकला। सिर्फ परंपरा का निर्वहन किया गया। लेकिन इस वर्ष धूमधाम से रथ यात्रा की तैयारी हो रही है। पिछले साल रथ यात्रा निकाली गयी थी। लेकिन इस बार विशेष रूप से रथ यात्रा की तैयारी की जा रही है।

गोलमुरी स्थित इस्कॉन मंदिर में हर साल की तरह इस साल भी पूजा के लिए जबरदस्त तैयारी चल रही है। इसके अलावा मानगो स्थित बड़ा हनुमान मंदिर, बेल्डीह नागा मंदिर, खास महल जगन्नाथ मंदिर, नामदा बस्ती काली मंदिर से रथ यात्रा निकालने की तैयारी जोरों पर है। इस्कॉन मंदिर की ओर से इस बार भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की रथ यात्रा बिष्टुपुर स्थित राम मंदिर से दोपहर 2:30 बजे निकलेगी।

**रथ यात्रा में बच्चों द्वारा राधे-**

- शहर के मंदिरों में भगवान जगन्नाथ का विधि-विधान से चल रहा इलाज, स्वस्थ होने के लिए पी रहे काढ़ा

**कृष्ण और राम-सीता की झांकी होगी आकर्षण :** इस्कॉन मंदिर के सेवक जगन्नाथ दास ने बताया कि इस बार रथ यात्रा में विशेष रूप से बच्चों की झांकी निकाली जायेगी। झांकी में बच्चे राधा-कृष्ण, राम-सीता लक्ष्मण व बानर सेना भी दिखाई देंगे। उन्होंने बताया कि बच्चों को अपने धर्म के प्रति जागरूक करने के लिए उन्हें इस कार्य से जोड़ा जा रहा है।

**इस बार रथ की ऊंचाई 27 फिट होगी :** इस्कॉन मंदिर की ओर से 20 जून को बिष्टुपुर राम मंदिर से निकाली जाने वाली रथ की ऊंचाई इस बार 27 फीट होगी। हर साल रथ की ऊंचाई 35 फीट होती थी। इस्कॉन के जगन्नाथ दास ने बताया कि इस बार रथ की ऊंचाई 35 के बजाय 27 फीट की होगी। भगवान जगन्नाथ 27 फीट की रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे। उन्होंने बताया कि हर साल रथ की ऊंचाई ज्यादा होने से



बिजली के तारों व पेडों की टहनियों में टकराने का खतरा होता था, इसलिए पूजा समिति द्वारा ऊंचाई घटना का निर्णरू लिया गया। उन्होंने बताया रथ यात्रा की तैयारी को लेकर मंगलवार को तीन रथ राम मंदिर में पहुंचाया गया है। एक रथ भगवान जगन्नाथ की, दूसरी रथ भाई बलभद्र और तीसरी बहन सुभद्रा के लिए तैयार किया जा रहा है।

मंदिर समिति ने बताया कि 17 जून तक रथ सजाने का काम पूरा हो जायेगा। यात्रा राम मंदिर से दोपहर 2:30 बजे शुरू होगी, जो बिष्टुपुर से होते हुए साकची गोल चक्कर होते हुए साकची मनोकामना मंदिर जाकर रथ यात्रा संपन्न होगी। बताया गया कि इस बार भगवान जगन्नाथ का सिंहासन 2 फीट का होगा। इसे पूरी तरह से रंग-बिरंगे कपड़ों से सजाया जायेगा। कपड़ा और सजावट की सामग्री आ गयी है।

**रथ यात्रा से पहले भगवान जगन्नाथ को लगेगा 56 प्रकार का भोग :** 20 जून को रथ यात्रा के दिन सुबह 6 बजे श्रीराम मंदिर में भगवान जगन्नाथ की मंगल गीत व भजन गाया जायेगा। इसके बाद भगवान का भव्य श्रृंगार करने के बाद उन्हें 56 प्रकार का भोग चढ़ाया जायेगा। रथ यात्रा से पहले 19 को नेत्र उत्सव का आयोजन किया जायेगा। उस दिन भगवान को अन्न का भोग लगेगा।

**भगवान भी पड़ गये बीमार :** आपने मनुष्य को बीमार होते सुना होगा। लेकिन, क्या आपने सुना है की भगवान बीमार पड़ गये हैं। दरअसल, भगवान जगन्नाथ बीमार पड़ गये हैं। पिछले 15 दिनों से उनका इलाज चल रहा है। इस दौरान उन्हें एकांतवास में रखा जाता है और मंदिर के कपाट बंद कर दिये जाते हैं। रथ यात्रा शुरू होने से ठीक 15 दिन पहले भगवान जगन्नाथ बीमार पड़ जाते हैं। 15 दिनों एक एकांतवास में रहते हैं। ज्येष्ठ मास के पूर्णिमा तिथि के दिन भगवान जगन्नाथ अपनी बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलराम के साथ गर्भगृह से बाहर आते हैं। स्नान के बाद उन्हें बुखार आ जाता है। जिस वजह से वह शयन कक्ष में चले जाते हैं। इस दौरान उनका उपचार किया जाता है और उन्हें कई तरह की औषधियां खिलाई जाती है। इस दौरान उन्हें काढ़ा व सादे भोजन का ही लगाया जाता है।

**भगवान जगन्नाथ को जल्द स्वस्थ होने के लिए बैद्य दे रहे है आयुर्वेर्दिक काढ़ा :** भगवान जगन्नाथ को जल्द स्वस्थ होने के लिए बैद्य उन्हें आयुर्वेर्दिक काढ़ा दे रहे हैं। भगवान जगन्नाथ पिछले दिनों 5 जून को ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन से अस्वस्थ हैं। उसके बाद 15 दिनों तक उनकी स्वस्थ होने के लिए बैद्य दिन में दो बार आयुर्वेर्दिक काढ़ा दे रहे हैं। अस्वस्थ होने पर पूरे विधि-विधान से 15 दिनों तक उन्हें काढ़ा के रूप में फल का जूस और डाभ का पानी दिया जाता है। तब तक भक्तों के लिए मंदिर का कपाट बंद रहता है।

### कब शुरू होगी रथयात्रा

भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि के दिन निकाली जाती है। इस बार यह यात्रा 20 जून 2023 मंगलवार के दिन निकाली जायेगी।

**अपनी मौसी के घर भी जाते हैं भगवान जगन्नाथ :** भगवान जगन्नाथ की यह परंपरा प्राचीन समय से चली आ रही है। जैसे ही भगवान जगन्नाथ स्वस्थ हो जाते हैं वह रथ पर सवार होकर विराजमान हो जाते हैं और नगर की यात्रा करते हैं। इसके बाद वह कुछ दिन के लिए अपनी मौसी के घर आराम करने के लिए जाते हैं।

## BRIEF NEWS

### मनीष कुमार बने पूर्वी सिंहभूम जिले के नए डीडीसी



उप विकास आयुक्त मनीष कुमार

**Jamshedpur:** पूर्वी सिंहभूम के नये उप विकास आयुक्त (डीडीसी) के पद पर मनीष कुमार को पदस्थापित किया गया है। 2018 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) मनीष कुमार के पदस्थापन को लेकर नोटिफिकेशन कार्मिक, प्रशासनिक सुधार और राजभाषा विभाग की ओर से जारी किया जा चुका है। मनीष कुमार जमशेदपुर के डीडीसी बनने के पहले झारखंड रांची के ऊर्जा विभाग में बतौर संयुक्त सचिव काम कर रहे हैं। उनको तत्काल प्रभाव से कामकाज संभालने को कहा गया है। उप विकास आयुक्त को जिला परिषद का मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी (सीइओ) का भी पद दिया गया है। गौरतलब है कि काफी दिनों से यह पद खाली था, जिस कारण जिला परिषद का काम बाधित हो गया था। इसके अलावा डीडीसी का प्रभार डीसी जमशेदपुर के पास था, जिससे काफी मुश्किलें होती थी। नए अधिकारी की पदस्थापना होने से कामकाज सुचारु चलेगा।

### आठवीं तक की कक्षाएं अब 17 जून तक बंद

**Jamshedpur:** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने एक बार फिर से राज्य में पड़ रही प्रचंड गर्मी को देखते हुए स्कूलों को बंद करने की तिथि बढ़ा दी है। विभाग की तरफ से जारी सूचना के तहत अब केजी से आठवीं तक की कक्षाएं 17 जून तक बंद रहेंगी। वही नौवीं कक्षा से 12वीं कक्षा तक की कक्षाएं 15 जून से निर्धारित समय के अनुसार संचालित होंगी। यह आदेश सभी निजी व सरकारी स्कूलों पर लागू होगा। विदित हो कि विभाग में पहले 14 जून तक स्कूल को बंद किया था। लेकिन गर्मी के असर में कमी को ना देखते हुए एक बार फिर से इसे विस्तारित कर दिया गया है। शिक्षा सचिव की ओर से जारी निर्देश में सभी जिला उपायुक्तों को कहा गया है कि वह इस आदेश का अनुपालन अपने जिले में सुनिश्चित कराएं।

# सात गौ वंशीय पशु से लदा वाहन जब्त

## चालक को किया गया गिरफ्तार



**PHOTON NEWS GHATSHILA:** गुप्त सूचना के आधार पर बहरागोड़ा थाना प्रभारी संतन तिवारी ने एक टीम गठित कर एनएच 49 पर बेला चौक के निकट बुधवार की सुबह वाहन जांच के दौरान एक टाटा इंट्रा माल वाहक वाहन को जब्त कर लिया। वाहन पर सात गोवंश पशु लदे थे।

पुलिस को देख कर वाहन चालक चित्तरंजन श्यामल (52) भागने लगा तो पुलिस ने उसे खदेड़ कर पकड़ लिया।

जानकारी के अनुसार चित्तरंजन श्यामल ओडिशा के मयूरभंज जिला स्थित सिरसा गांव का निवासी है। वह चोरी-छिपे गोवंशीय पशुओं को वाहन के माध्यम से जामशोला होते हुए पश्चिम बंगाल के चिचड़ा में भेजता है। पुलिस द्वारा धारा 414 / 34, धारा 12/13/15 के तहत मामला दर्ज कर चालक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बरामद मवेशियों को चाकुलिया के ध्यान फाउंडेशन के गौशाला में भेजा गया है।

# राजस्व कर्मचारी व जिप सदस्य ने आंधी बारिश से प्रभावित क्षेत्र का किया निरीक्षण

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** प्रखंड के काड़ाडुबा पंचायत अन्तर्गत कानीमोहली गांव में आंधी बारिश से प्रभावित क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू ने राजस्व कर्मचारी आशुतोष चौबे के साथ बुधवार को निरीक्षण किया। मंगलवार की शाम आंधी बारिश से कानिमोहली गांव निवासी शंकरलाल मांडी और रंजीत मांडी का घर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। इस घटना में घर की टाली और एस्बेस्टस के छप्पर उड़ गए जबकि घर के सदस्य बाल-बाल बच गए। ग्रामीणों की सूचना पर जिला परिषद सदस्य ने राजस्व कर्मचारी संग प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण



प्रभावित लोगों से बात करतीं जिप सदस्य. • फोटोन न्यूज

किया। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा हेतु पहल की गई है। दोनों परिवार खुले आसमान के नीचे आ गए है। दोनों पीड़ित परिवार को तत्काल सहायता पहुंचाई जाएगी।

## खबरें ओडिशा की

### विश्व रक्तदाता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित, रक्तदान कर लोगों को किया गया जागरूक



**Rourkela :** मारवाड़ी युवा मंच राउरकेला शाखा की ओर से प्लूटो मॉल में मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि श्रम मंत्री सह राउरकेला के विधायक शारदा प्रसाद नायक उपस्थित थे। उन्होंने शिविर का उद्घाटन किया। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान जैसे महान कार्य के प्रति मायुम का समर्पण भाव लोगों को रक्तदान के प्रति प्रेरित करेगा। हमारे मुख्यमंत्री नवीन पटनायक भी रक्तदान जैसे कार्यों को हमेशा बढ़ावा देते रहे हैं। ताकि खून की कमी से कोसी की मौत न हो। मायुम के अभियान की उन्होंने सराहना की। उनके साथ मायुम के संस्थापक अध्यक्ष युवा प्रवीण गर्ग, प्रांतीय निवर्तमान अध्यक्ष नरेश अग्रवाल, प्रांतीय मंडलीय उपाध्यक्ष रोहित काबरा, प्रांतीय ब्लड समन्वयक सुराजी बपुडिया, राउरकेला सिटी शाखा संस्थापक अजय शर्मा, शाखा अध्यक्ष अंकित अग्रवाल, सचिव मोहित गुप्ता, उपाध्यक्ष युवा सम्यक अग्रवाल, ब्लड समन्वयक अमृत अग्रवाल, ब्लड सहायक समन्वयक मनीष गुप्ता, मॉल के संस्थापक समेत हर्ष गोयल, आयुष्य गोयल आदि सदस्य उपस्थित थे।

### शहरी बेघरों की सेवा के लिए मिला प्रशिक्षण



**Rourkela :** राज्य शहरी विकास एजेंसी (एसयूडीए) व आवास और शहरी विकास विभाग ने शहरी बेघरों के लिए आश्रय (एसयूएच) के विभिन्न पहलुओं पर वर्चुअल ओरिएंटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रतिभागियों में राउरकेला के मिशन शक्ति समूह की महिला सदस्य उपस्थित थी। ये महिलाएं आश्रय प्रबंधन एजेंसी के रूप में एसयूएच के संचालन और प्रबंधन में सक्रिय रूप से शामिल हैं। प्रशिक्षण में महिलाओं को मिशन शक्ति समूह के सदस्यों और आश्रय कर्मचारियों को कई अहम जानकारी दी गयी। उन्हें एसयूएच के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक ज्ञान से लैस किया गया। महिलाओं को स्वावलंबन की दिशा में कैसे आगे बढ़े इसकी कई अहम जानकारी दी गयी। मौके पर महिलाओं के साथ प्रशिक्षकों की टीम मौजूद थी। प्रशिक्षकों ने बताया कि आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को जोड़ने की तैयारी चल रही है।

### उत्तर प्रदेश व चंडीगढ़ ने जीते अपने मैच



**Rourkela :** 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शामिल दलों का यहां राउरकेला में दमदार प्रदर्शन जारी है। बुधवार की सुबह खेले गये दो मैच में उत्तरप्रदेश तथा चंडीगढ़ ने अपना दमदार प्रदर्शन जारी रखा है। उत्तर प्रदेश ने जहां एक तरफा मैच में केरल को 11-1 से मात दी। वहीं चंडगढ़ भी किसी मायने में पीछे नहीं रही। दूसरे मैच में उसने आंध्रप्रदेश को 12-1 से हरा दिया। उत्तर प्रदेश की ओर से राजन गुप्ता व शाहरूख अली ने तीन-तीन गोल दागे। उधर, शाम को तीन और मैच खेले जाने हैं। इसमें हरियाणा की टीम हिमाचल से, चौथे मैच में मणिपुर की टीम जम्मू कश्मीर से तथा पांचवें मैच में कर्नाटक की टीम राजस्थान से टकरायेगी।

# टाटा स्टील नोवामुंडी में मनाया गया विश्व रक्तदाता दिवस

**Chaibasa :** टाटा स्टील अस्पताल, नोवामुंडी में बुधवार को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में 12 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। टाटा स्टील नोवामुंडी के चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ। धीरेंद्र कुमार ने इस वर्ष की थीम ह्लरक्त दें, प्लाज्मा दें, जीवन साझा करेंह्व पर बात की और रक्तदान के महत्व और उन रक्तदाताओं के योगदान पर प्रकाश डाला जो जीवन से वंचित और विभिन्न रोगों से प्रभावित हजारों लोगों के कीमती जीवन को बचा रहें हैं। जागरुकता सत्र के दौरान, रक्तदाताओं को समझाया गया कि रक्तदान करने का विकल्प चुनकर, एक व्यक्ति के पास एक जीवन या शायद कई जीवन बचाने की क्षमता होती है, क्योंकि रक्त को इसके आवश्यक घटकों जैसे लाल कोशिकाओं, प्लेटलेट्स, और प्लाज्मा में विभाजित किया जा सकता है। जिसे विशिष्ट चिकित्सा आवश्यकताओं वाले रोगियों को अलग से दिया जा सकता है।



## पशुधन विकास योजना

# 12 लाभुकों को दी गयी बकरी व बकरा

**PHOTON NEWS GHATSHILA:** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत बुधवार को घाटशिला प्रखंड कार्यालय परिसर में चयनित 12 लाभुकों के बीच बकरा विकास योजना के तहत चार बकरी तथा एक बकरा एक-एक लाभुक के बीच विधायक रामदास सोरेन ने वितरण किया। मौके पर लाभुकों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सरकार की ओर से पशुधन विकास योजना के अंतर्गत लाभुकों को 90 प्रतिशत अनुदान पर दिया जा रहा है। बकरा विकास योजना से लोग स्वरोजगार करें ना कि इसका



बकरी वितरण करते विधायक रामदास सोरेन • फोटोन न्यूज

दुरुपयोग करें। सरकार की सोच है कि गांव-गांव में इस योजना से लोगों को लाभान्वित किया जाए। पशुधन विकास योजना के तहत सूकर पालन, मुर्गी पालन के लिए सहयोग किया जा रहा है अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठाएं। मौके पर मुख्य रूप से प्रमुख सुशीला टुडू, अंचलाधिकारी राजीव कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार एस अभिनव, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ। शंकर सिंह, विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत, काली पद गोराई, अशोक महतो सहित अन्य झामुमो नेता उपस्थित थे।

एजेंसी के द्वारा लाभुकों को दिया गया बकरा एवं बकरी काफी कमजोर थे। इस संबंध में पूछे जाने पर पशु चिकित्सक डॉ। शंकर सिंह ने बताया कि 10 किलो वजन का एक-एक बकरा तथा बकरी दिया जा रहा है। हालांकि वितरण स्थल पर वजन करने की कोई सामग्री उपलब्ध नहीं थी जिससे लाभुकों में काफी रोष देखा गया।

## सनातन की जय हो के उद्घोष से गूंजा जयप्रकाश उद्यान

# ADITYAPUR में शुरू हुआ तीन दिवसीय यज्ञ 501 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** देश विभाजन में शहीद हुए पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए जमशेदपुर के प्रबुद्धजनों ने तीन दिवसीय आत्मा शांति महायज्ञ का आयोजन आदित्यपुर स्थित जय प्रकाश उद्यान में किया है। बुधवार की सुबह महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा निकली जिसमें 501 महिलाएं शामिल हुई। पीले वस्त्र धारण कर गाजे-बाजे के साथ सभी महिलाएं नगीनापुरी स्थित चित्रकूट घाट गई और वहां से जल लेकर वापस महिलाएं यज्ञ स्थल तक लौटीं।

इस दौरान विधि विधान से आचार्यों ने कलश स्थापन किया। वहीं शाम में चित्रकूट धाम से पधारे स्वामी सीताराम स्वामी प्रवचन सुनाया। विदित हो कि 1947 में देश के विभाजन और



महायज्ञ में शामिल सरयू राय व अन्य • फोटोन न्यूज

पाकिस्तान के बनने पर जो लोग मारे गए थे उनकी आत्मा की शांति के लिए यहां तीन दिवसीय भागीरथवंशी शहीद आत्मा शांति महायज्ञ खरकई तट पर स्थित जय प्रकाश उद्यान में शुरू हुआ है। यह 16 जून तक चलेगा यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष रमेश कुमार ने बताया कि इस प्रकार का यज्ञ देश में पहली बार आयोजित हो रहा है।

उन्होंने कहा कि जिस पर राजा सगर के पुत्रों की आत्मा की शांति के लिए भगीरथ ने यज्ञ कराया था। उसी प्रकार यह हम देश के विभाजन में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए आयोजित कर रहे हैं। उनकी मानें तो देश विभाजन के समय तकरीबन 20 लाख लोगों मारे गए थे।

इस यज्ञ में 15 जून को प्रातः आठ बजे से हवन यज्ञ, तर्पण और संध्या चार बजे से प्रवचन जबकि 16 जून को सुबह 9 बजे से गीता पाठ के साथ महायज्ञ का समापन होगा। अंतिम दिन दोपहर एक बजे महाप्रसाद का वितरण होगा। इस महायज्ञ को सफल बनाने में अध्यक्ष रामेश कुमार के साथ एके श्रीवास्तव, शिवपूजन सिंह, मिथिलेश प्रसाद श्रीवास्तव, कन्हैया दुबे, सतीश सिंह, अनिता सिंह, दिनेश सिंह का महत्वपूर्ण योगदान है।

# झारखंड श्रमिक संघ ने आईसीसी गेट पर दिया धरना, किया प्रदर्शन



आईसीसी गेट पर धरना देते झारखंड श्रमिक संघ के सदस्य • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS GHATSHILA:** झारखंड श्रमिक संघ के बैनर तले ठेका मजदूरों का आईसीसी कंपनी मुख्य द्वार पर बुधवार से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू हुआ। धरना-प्रदर्शन से पूर्व श्रमिक संघ के अध्यक्ष सचिव तथा अन्य मजदूरों ने कंपनी गेट के समीप भगवान बिरसा मुंडा तथा पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर धरना स्थल पर पहुंचे।

धरना शुरू होने से पहले मजदूर व झामुमो नेताओं ने आंदोलन को सफल बनाने की शपथ ली। धरना-प्रदर्शन के संबंध में संघ के अध्यक्ष काजल डॉन ने बताया कि कंपनी द्वारा मजदूरों को ठेका पर रोटेशन में काम देने के लिए टेंडर निकाला गया था, परंतु प्रबंधन की मनमाना रवैया के कारण ठेका मजदूरों का गेटपास नहीं बनाया जा रहा है। इसके कारण मजदूर कार्य से वंचित हैं।

साथ ही साथ कंपनी प्रबंधन द्वारा ठेका मजदूरों के आवास एवं बिजली को लेकर बार-बार परेशान किया जा रहा है।




# सोनाक्षी को ऑफर हुई थी परवीन बाबी की बायोपिक इस वजह से कर दिया इनकार

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा भले ही इस बात की कुबत न रखती हो कि अकेले अपने दम पर फिल्म हिट करा सके। लेकिन फिल्मों में इतने समय से काम कर चुकी सोनाक्षी सिन्हा को इस बात की इतनी समझ तो आ चुकी है कि, किस निर्देशक के साथ फिल्में करनी हैं और किसके साथ नहीं करनी है। अपनी इसी समझ और सोच के चलते कभी- कभी उन्हें ऐसी फिल्मों से भी हाथ धोना पड़ता है,जिसकी कहानी उन्हें मन मुताबिक तो मिल गई,लेकिन निर्देशक मन मुताबकि नहीं मिला। अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने करियर पर नजर डाले तो अकीरा और नूर जैसी ही कुछ फिल्में थी, जिसमे सोनाक्षी सिन्हा खुद को साबित कर सकती थी कि बिना स्टारस्पोर्ट के वह दर्शकों को अकेला सिनेमा हाल तक खीच सकती हैं। लेकिन, इन फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर ऐसा हश्र हुआ कि निर्माताओं को लगने लगा कि सिर्फ सोनाक्षी सिन्हा को लेकर फिल्म बनाने में कोई समझदारी नहीं है। इसलिए सोनाक्षी सिन्हा के नाम पर दांव खेलने से निर्माता- निर्देशक बचने लगे। कुछ निर्माता - निर्देशक अगर सोनाक्षी सिन्हा के पास कोई स्क्रिप्ट लेकर पहुंचते हैं, तो सोनाक्षी सिन्हा की ऐसी डिमांड होती है कि वह लोग वापस लौट आते हैं। परवीन बाबी की बायोपिक बनाने वाले निर्माता वसीम खान ने पहले परवीन बाबी की भूमिका के लिए सोनाक्षी सिन्हा को अप्रोच किया था।सोनाक्षी सिन्हा ने फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ी और फिल्म में काम करने के लिए तैयार हो गई। लेकिन मामला एक जगह आकर अटक गया। जब सोनाक्षी सिन्हा ने फिल्म के निर्माता से पूछ लिया कि निर्देशक कौन है? मिली जानकारी के मुताबिक अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने जैसे ही सुना कि फिल्म को पंकज पराशर डायरेक्ट करने वाले हैं, तुरंत फिल्म में काम करने से इंकार कर दिया। सोनाक्षी सिन्हा ने फिल्म के निर्माता वसीम खान को सलाह दी कि अगर वह निर्देशक बदल दे, तो वह फिल्म में काम काम कर सकती हैं। पंकज पराशर की जगह कोई भी निर्देशक हो, उन्हें इसका ऐतराज नहीं होगा। निर्माता वसीम खान को सोनाक्षी सिन्हा की यह शर्त मंजूर नहीं थी और उन्होंने सोनाक्षी सिन्हा की जगह उर्वशी रौतेला को परवीन बाबी की बायोपिक के लिए फाइनल कर लिया। इस बात का स्पष्ट रूप से अभी तक खुलासा नहीं हो पाया कि अभी भी फिल्म को पंकज पराशर ही निर्देशित करने वाले हैं या फिर कोई और। सूत्रों के मुताबिक, अब फिल्म के निर्माता भी फिल्म के निर्देशक के लिए किसी और नाम पर विचार कर रहे हैं,लेकिन अभी तक किसी के नाम पर सहमति नहीं बनी है। वहीं, अगर बात करें निर्देशक पंकज पराशर की तो वह नसीरुद्दीन शाह, रजनीकांत, सनी देयोल, श्रीदेवी, सलमान खान,माधुरी दीक्षित, अनिल कपूर,अक्षय कुमार जैसे कई सितारों के साथ काम कर चुके हैं।



# वेब सीरीज जी करदा को लेकर तमन्ना ने कही यह बात

प्राइम वीडियो ने हाल ही में बहुप्रतीक्षित सीरीज जी करदा का शानदार ट्रेलर जारी किया है। ट्रेलर ने पहले ही दर्शकों और फैंसको हैरान कर दिया है, क्योंकि इसमें सात दोस्तों की आकर्षक कहानी को नेविगेट करने की कोशिश की गई है जो अपने 30 में है और जीवन की उलझनों का सामना कर रहें है। इस सीरीज में एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया, लावण्या की भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने शो को लेकर अपनी उत्सुक्ता जाहिर करते हुए बताया कि उन्हें शो के बारे में क्या अच्छा लगता है। तमन्ना भाटिया ने कहा, मैं जी करदा के किरदारों से गहराई से रिलेट कर सकती हूं, क्योंकि वे कॉलेज और स्कूल दोनों में आने वाले दवाब के साथ अपने 30 में चुनौतियों का सामना कर रहें है। उन्होंने कहा, यह 30 की उम्र है जब असल में एडल्टिंग आपको प्रभावित करती है। यह शो एडल्ट्स के परीक्षण और क्लेश से निपटने वाले लोगों के जीवन की एक झलक देता, यह दर्शाता है कि वे इसे कैसे नेविगेट करते हैं। मूल रूप में, जी करदा ड्रामा के टच के साथ जीवन के मजेदार पलों की कहानी है, जो हमारे जीवन का प्रतिबिंब पेश करता है। इस सीरीज में तमन्ना के साथ आशिम गुलाटी, सुहैल नय्यर, अन्या सिंह, हुसैन दलाल, सायन बनर्जी और संवेदना सुवाल्का मुख्य किरदारों में हैं। इसके साथ ही सिमोन सिंह और मल्हार ठाकर ने भी अहम भूमिका निभाई हैं।



# संघर्ष के दिनों को यादकर भावुक हुए संजय कपूर

बॉलीवुड अभिनेता संजय कपूर अपनी फिल्मों को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहे हैं, लेकिन अभिनेता को फिल्म इंडस्ट्री में उतनी सफलता नहीं मिली, जो अनिल कपूर को मिली है। बाद में संजय ने फिल्मों को छोड़कर प्रोडक्शन का रुख किया। अभिनय में भले ही संजय औंधे मुंह गिरे हो, लेकिन प्रोडक्शन से उनकी किस्मत जरूर चमक गई है। अब हाल ही में, संजय ने अपने संघर्ष के दिनों को याद

वजह से उनका करियर पटरी पर आ सका है। हाल ही में, एक इंटरव्यू में संजय ने अपने करियर के शुरुआती दिनों के कुछ किस्सों को साझा करते हुए बताया कि उनका शुरुआती करियर तो काफी अच्छा था। एक दो फिल्में भी चली थीं, लेकिन यह लोकप्रियता ज्यादा दिनों तक नहीं रह सकी। आगे चलकर संजय की फिल्मों ने अच्छा प्रदर्शन करना बंद कर दिया। हालांकि, इन सब के बाद भी अभिनेता ने हार नहीं मानी और अभिनय का रास्ता छोड़कर फिल्म निर्माण को बतौर अपना करियर चुना। संजय ने संघर्ष के दिनों को लेकर अपने

कई सारी फिल्में थीं। मैं जिन भी फिल्मों में काम करता था, वह नहीं चलती थी। इसके बाद मुझे लगा कि अब मुझे रुक जाना चाहिए और कोई भी ऐसी वैसी फिल्म साइन नहीं करनी चाहिए। इसके बाद मैंने फिल्म लाइन को पूरी तरह छोड़ दिया। मैं प्रोडक्शन में इसलिए आया क्योंकि मुझे भी अपने खाने-पीने के लिए काम करना था। बच्चों और बीवी को संभालने के लिए काम तो सबको करना पड़ता है।'

**आज अपने क्षेत्र में सफल हैं संजय**

संजय ने आगे कहा, 'मुझे खुशी इस बात की है कि मैंने जो भी काम

दिया कि वह मुझपर तरस खाकर मुझे कोई काम दे। मैंने भले ही अपने करियर के साथ एक्सपेरिमेंट किया है, लेकिन मैंने जो भी काम किया है, उससे मुझे पूरी संतुष्टि मिली है और मैं आज अपने परिवार को भी चला पाने में सक्षम हूं।'



# अब सहाराश्री की बायोपिक निर्देशन की बागडोर सुदीप्तो सेन के हाथ

पिछले दिनों द केरला स्टोरी को निर्देशित करने वाले सुदीप्तो सेन ने कहा था कि वे निर्माता संदीप सिंह की अगली फिल्म को निर्देशित करने जा रहे हैं। संदीप सिंह अपनी फिल्मों के विषयों को लेकर काफी चर्चाओं में रहते हैं। उनके द्वारा निर्मित अलीगढ़ अपने समय में खासी चर्चाओं में रही थी। अब वे डॉक्टर जयंतीलाल गाडा के साथ मिलकर सहारा इंडिया परिवार के संस्थापक सुब्रत रॉय के जीवन पर आधारित फिल्म का निर्माण करने जा रहे हैं, इसके निर्देशन की जिम्मेदारी सुदीप्तो सेन को सौंपी गई है। द केरला स्टोरी का निर्देशन करने के बाद, जो बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है, सुदीप्तो सेन एक और प्रोजेक्ट के लिए तैयार हैं। सहाराश्री नाम की आगामी फिल्म बिजनेस टाइकून और सहारा इंडिया परिवार के संस्थापक सुब्रत रॉय के जीवन पर आधारित होगी। 10 जून को सुब्रत रॉय के जीवन के 75 साल पूरे होने पर, निर्माता संदीप सिंह और डॉ. जयंतीलाल गाडा ने सहाराश्री के लिए निर्देशक सुदीप्तो सेन के साथ हाथ मिलाया है। बायोपिक बिजनेस मैग्नेट सुब्रत रॉय के दिनों की एक मनोरंजक कहानी को उजागर करती है, जो अपेक्षाकृत अज्ञात इकाई के रूप में भारत के सबसे प्रभावशाली और गतिशील व्यक्ति के रूप में उभरती है, जिसके बारे में देश में हर कोई जानता था। सुब्रत रॉय की जीवन कहानी सिडनी शेल्डन उपन्यास की तरह पढ़ती है। निर्देशक ने कहा कि बायोपिक को फिल्माना किसी भी फिल्म निर्माता के लिए कभी भी आसान नहीं रहा है। उन्होंने कहा, बायोपिक का निर्देशन किसी भी फिल्म निर्माता के लिए हमेशा एक चुनौतीपूर्ण काम होता है। एक फिल्म के लिए एआर रहमान, गुलज़ार, संदीप सिंह और डॉ. जयंतीलाल गड़ा का एक साथ होना बहुत बड़ी बात है। अब, घोषणा के बीच, प्रशंसक अभी भी सोच रहे हैं कि सुब्रत रॉय की भूमिका कौन निभाएगा? शीर्ष सुपरस्टार्स पर विचार किया जा रहा है और जल्द ही एक नाम का खुलासा किया जाएगा। सब सहराश्री के बारे में लीजेंड स्टूडियोज और डॉ जयंतीलाल गाडा (पेन स्टूडियोज) द्वारा प्रस्तुत इस फिल्म में संदीप सिंह एक रचनात्मक निर्माता के रूप में हैं। इसे सुदीप्तो सेन द्वारा निर्देशित किया जाएगा, ऋषि विरमानी, सुदीप्तो सेन और संदीप सिंह द्वारा लिखित, एआर रहमान द्वारा संगीत और गुलजार द्वारा गीत के साथ। यह फिल्म अगले साल की शुरुआत में फ्लोर पर जाएगी और इसे बड़े पैमाने पर महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, बिहार, कोलकाता और लंदन में शूट किया जाएगा।



# हॉलीवुड एक्टर विन डीजल को आई दीपिका की याद

बॉलीवुड की सबसे टैंलेटेड एक्ट्रेसेस में से एक दीपिका पादुकोण हॉलीवुड में भी काम कर चुकी हैं। इसी के चलते उनके हॉलीवुड फिल्म के को-एक्टर विन डीजल ने उनके लिए कुछ खास पोस्ट किया है, सीधा-सीधा कहा जाए तो विन डीजल, दीपिका को मिस कर रहें हैं। दीपिका ने 2017 में फिल्म ट्रिपल एक्स-द रिटर्न ऑफ जेंडर केज के साथ हॉलीवुड डेब्यू किया था। वो इस फिल्म में विन डीजल के साथ नजर आई थीं। वहीं अब विन डीजल ने दीपिका के साथ एक पिक्चर शेयर किया है, जो इसी फिल्म से जुड़ा है। इस पिक्चर के साथ विन ने दीपिका के लिए एक खास नोट भी लिखा है। विन के पोस्ट पर दीपिका ने भी रिप्लाई किया है। विन ने अपने इंस्टा अकाउंट पर लिखा, स्प्रीरिट मुझे आगे बढ़ाती है...दीपिका पादुकोण मेरे साथ काम करने वाले सबसे पसंदीदा लोगों में से एक है। वो मुझे भारत लेकर गईं और ये मुझे बहुत पसंद आया। मैं वापिस आने का सोच रहे हूं, सारा प्यार, हमेशा। बता दें कि 'ट्रिपल एक्स' का प्रमोशन करने विन भारत आए थे उन्होंने उन्हीं लम्हों को याद कर ये पोस्ट शेयर किया है। विन ने इस पोस्ट में दीपिका पादुकोण को टैग किया है। जिसके रिप्लाई में दीपिका ने विन की ये पोस्ट अपनी इंस्टा स्टोरी में शेयर की है। जिसके कैप्शन में उन्होंने कई हार्ट इमोजी शेयर किए हैं।





# अजय देवगन के भतीजे के साथ बॉलीवुड डेब्यू करेंगी रवीना टंडन की बेटी राशा

बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में उन्हें मुंबई के रेस्टोरेंट के बाहर स्पॉट किया गया, जिसका एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में राशा व्हाइट- क्रॉप टॉप ब्लू डेनिम जीन्स में नजर आई। राशा का ये लुक काफी कूल लग रहा है। इस दौरान उन्होंने पैपराजी को मुस्कुराते हुए पोज भी दिए। राशा थडानी ने हालही में मुंबई के धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल से अपना ग्रेजुएशन पूरा किया है। इस खुशी में रवीना ने आज अपने सोशल मीडिया पर राशा के ग्रेजुएशन सेरेमनी की कुछ तस्वीरें और वीडियो शेयर की हैं। बेटी के इस ग्रेजुएशन सेरेमनी में रवीना और उनके पति अनिल थडानी भी शामिल हुए थे। एक्ट्रेस ने फोटोज शेयर करते हुए इसे प्राउड मोमेंट बताया है। इसी के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा हैशटैग क्लास 2023। रवीना ने फोटोज के साथ कुछ वीडियो भी शेयर किए हैं। एक वीडियो में राशा अपने दोस्तों के साथ ब्लू कोट पहने हुए नजर आ रही हैं। तो वहीं, दूसरे वीडियो में राशा अपने दोस्तों के साथ नीता अंबानी के साथ पोज देती हुई दिखाई दीं। बता दें, ग्रेजुएशन पूरा होते ही राशा अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन के साथ बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन अभिषेक कपूर करेंगे। हाल ही में राशा और अमन को अभिषेक कपूर के साथ स्पॉट किया गया। इस दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें तीनों पोज दे रहे हैं। इस फिल्म में राशा के साथ अजय देवगन और डायना पेंटी भी नजर आएंगे।

# कंगना ने ठुकराई धनुष की फिल्म



बॉलीवुड इंडस्ट्री की पंगा क्वीन यानी कंगना रणौत जल्द फिल्म इमरजेंसी के साथ बड़े पर्दे पर धमाल मचाने आ रही हैं। हालांकि, इसी बीच कंगना एक खबर को लेकर खूब सुर्खियों में रहीं। खबर थी कि एक्ट्रेस ने तमिल सुपरस्टार धनुष की फिल्म में काम करने से मना कर दिया, जिसका नाम अस्थायी रूप से डी 50 था। इस रिपोर्ट के वायरल होते ही कयासों का बाजार गर्म हो गया और लोग तरह-तरह के संभावित कारण देने लगे जिसकी वजह से कंगना ने फिल्म को ठुकराया हो। हालांकि, अब नई रिपोर्ट ने अटकलों पर पूरी तरह विराम लगा दिया है। धनुष की फिल्म को ठुकराने की खबरों पर खुद कंगना रणौत ने प्रतिक्रिया दी है। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम स्टोरी का सहारा लेते हुए एक खबर के स्क्रीनशॉट को साझा कर लिखा है, फेक न्यूज अलर्ट, ऐसी कोई फिल्म मुझे ऑफर नहीं की गई थी। कंगना ने आगे जोड़ा, धनुष मेरे फेवरेट हैं, मैं उन्हें कभी ना नहीं कर सकती। धनुष सन पिक्चर्स के बैनर तले अपनी 50वीं फिल्म की तैयारी कर रहे हैं। इसी को लेकर एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि इसमें लीड रोल के लिए कंगना रणौत को अप्रोच किया गया था, लेकिन एक्ट्रेस ने इसे करने से मना कर दिया।